

उड़ीसा के पूरी जगन्नाथपुरी मंदिर का यह दृश्य 2024 के सूर्यास्त का है

दैनिक

# भास्कर दूत

नज़र हर ख़बर पर

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

web- www. bhaskardoot.com



-: सुविचार :-

जब तक सांस है, तब तक संघर्ष है, और जब तक संघर्ष है, तब तक उम्मीद है

◆ वर्ष–11 ◆ अंक – 347 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, बुधवार 1 जनवरी 2025 ◆ पृष्ठ–8 ◆ मूल्य – 02 रुपये


## इसरो का spande& मिशन पूरा, अब NISAR, शुक्रयान और चंद्रयान-4 कतार में

**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे SpaDeX यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किया। PSLV-C 60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किया गया। अब 7 जनवरी 2025 को इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे इन दो स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाएगा। मिशन सफल रहा तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। ये तो रही सिर्फ एक मिशन की बात। इसरो नए साल-2025 और आने वाले दिनों में कई धमाकेदार मिशन लॉन्च करेगा। इसमें मुख्य रूप से NISAR, शुक्रयान और चंद्रयान-4 कतार में है। ये वो अभियान है, जो सफल होने पर भारत का विश्व में डंका बजा देगा। ItÓs ISRO Show: इसरो का Spade& मिशन पूरा, अब NISAR, शुक्रयान और चंद्रयान-4 कतार में है। इसके साथ ही गगनयान परियोजना पर भी तेजी से काम हो रहा है। इस साल हमारे देश की स्पेस एजेंसी के ऐतिहासिक कारनामे से नासा (NASA) भी जाएगा हिल जाएगा। ऐसे में जानते हैं कि साल 2025 में इसरो कौन-कौन से मिशन की तैयारियों में जुटा




है। इसरो इस साल की बहुप्रतिक्षित मिशन चंद्रयान-4 को भी लॉन्च करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। ISRO के प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ के मुताबिक इस मिशन को एक बार में नहीं, बल्कि टुकड़ों में अंतरिक्ष में लॉन्च किया जाएगा। पांच मॉड्यूल्स—प्रोपल्शन, डिसेंडर, एसेंडर, ट्रांसफर और री-एंट्री मॉड्यूल—अंतरिक्ष में जोड़े और अलग किए जाएंगे। ये जो जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया है, इसी के लिए स्पेडएक्स लॉन्च किया गया है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से मिट्टी के सैंपल लेकर धरती पर वापस लाना है। यह प्रक्रिया भविष्य में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS) बनाने के लिए उपयोगी होगी। इसरो चीफ ने बताया कि चंद्रयान-4 की डॉकिंग प्रक्रिया धरती की कक्षा में की जाएगी। मॉड्यूल्स को जोड़ने और अलग करने का यह अभ्यास मिशन की सफलता के लिए बेहद जरूरी है। भारत का शुक्रयान मिशन 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है। इस वर्ष 19 सितंबर को केंद्र सरकार ने इस मिशन की मंजूरी दी थी। यह मिशन चार साल का होगा। वीनस यानी शुक्र ग्रह धरती से करीब 4 करोड़ किमी दूर है। वीनस को पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। हालांकि, यहां का दिन-रात पृथ्वी की तुलना में काफी लंबा होता है। यह मिशन शुक्र ग्रह की कक्षा में जाकर उसके वायुमंडल, सतह और सूर्य के साथ उसकी अंत:क्रिया का अध्ययन करेगा। मिशन का उद्देश्य शुक्र की सतह के अत्यधिक तापमान, जहरीले वायुमंडल और वहां मौजूद धूल की गहराई से जांच करना है। इस मिशन के लिए एक खास तौर का अंतरिक्षय यान तैयार किया जाएगा। इसरो को इस मिशन के लिए सरकार की तरफ से 1,236 करोड़ रुपये मिले। जिसमें से 824 करोड़ रुपयों को इसरो अंतरिक्ष यान पर ही खर्च करने वाला है। वीनस मिशन की लाइफ चार साल की होगी। उम्मीद है कि शुक्रयान को GSLV मार्क-2 रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा।

## अंतरिक्ष की ओर बढ़ते भारत के मजबूत कदम- सीएम



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने PSLV-C60 के माध्यम से SpaDeX का सफल प्रक्षेपण कर, एक बार फिर भारत का परचम अंतरिक्ष में लहराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत स्पेस डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन चुका है। यह पूरे भारतवर्ष के लिए गौरव का क्षण है।इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम और देशवासियों को हार्दिक बधाई! इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे SpaDeX यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया। इसके तहत PSLV-C60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किया गया। अब 7 जनवरी 2025 को इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे इन दो स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाएगा।

## ईडी की पूछताछ में नहीं पहुंचे पूर्व मंत्री लखमा

### भाजपा ने पोस्टर जारी कर किया प्रहार

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले की आग नए सरकार के कार्यकाल का 1 साल पूरा होने पर भी नहीं बुझी है. बीते दिनों पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के घर में ईडी की दबीश से राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है. अब पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता कवासी लखमा के ईडी दफ्तर नहीं पहुंचने पर भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए प्रहार किया है. सोशल मीडिया पर भाजपा ने एक पोस्ट जारी किया है. इसमें शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा नहीं पहुंचे पर कहा है कि भूपेश के कुशासन में हुए 2000 करोड़ रुपए के शराब




घोटाले में ED के पूछताछ में बुलाए जाने पर पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा नहीं पहुंचे, उनका ED से बचना ये बताता है कि दाल में बहुत कुछ काला है. मामले में ईडी की पूछताछ में कवासी लखमा सहयोग नहीं कर रहे हैं और मलाई चाटकर खुद को अनपढ़ बता रहे हैं.

अमेरिकी सुरक्षा में चीन का बड़ा सुराख

## चीनी हैकर्स ने यू एस ट्रेजरी डिपार्टमेंट को हैक किया, कई सिक्रेट जानकारियां चुराई

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चीन के हैकरों ने उसकी सुरक्षा में बड़ा सुराख लगाते हुए कई जानकारी चुरा ली है। चीनी हैकर्स ने US ट्रेजरी डिपार्टमेंट को हैक कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, हैकर्स ने ट्रेजरी डिपार्टमेंट के थर्ड-पार्टी सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर के सिस्टम में सेंधमारी कर कई



वर्कस्टेशन और अनक्लासीफाइड डॉक्यूमेंट एक्सेस किए हैं। ये हमला चीनी स्टेट-स्पॉन्सर्ड हैकर्स ने किया है। FBI व अन्य एजेंसियां इस मामले की गहन जांच कर रही हैं। यह साइबर हमला 8 दिसंबर की शुरुआत में 8 तारीख को हुआ था। इस दौरान एक थर्ड-पार्टी सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर बियॉन्ड ट्रस्ट ने ट्रेजरी डिपार्टमेंट को सूचना दी कि हैकर्स ने उनकी सिक्योरिटी को बायपास करके कई वर्कस्टेशन का रिमोट एक्सेस हासिल कर लिया है।

## रायपुर में 6250 किलो नकली पनीर पकड़ाया



**रायपुर।** दूसरे दिन नकली पनीर का जखिरा मिला है. दो दिन में रायपुर में 6250 किलो नकली पनीर पकड़ाया है. नए साल के पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है. टीम को आज एक फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में नकली पनीर मिला है. रायपुर के मेटल पार्क उरला स्थित एस जे मिल्क प्रोडक्ट पनीर फैक्टरी में आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारा. यहां जांच के दौरान 3,750 किलो पनीर जब्त किया है. वहीं फैक्ट्री को गंदगी और सर्टीफिकेट के अभाव संचालित किया जा रहा था. मौके पर से टीम ने सैंपल लेकर जा रही है. इसकी जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडेय ने बताया कि एस जे मिल्क प्रोडक्ट पनीर फ़ैक्टरी में खाद्य विभाग का छापा की कार्रवाई की गई है. 3,650 किलो मिलावटी पनीर ज़ब्त किया गया है।

मुख्यमंत्री की पहल पर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

## 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों और 35 चिकित्सा अधिकारियों की हुई संविदा नियुक्ति

### स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर एन एच एम ने जारी किया आदेश

भास्कर दूत

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार राज्य के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 06 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 12 चिकित्सा



अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 05 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। अब नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।




दैनिक
भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर बुधवार 1 जनवरी 2025



नवा रायपुर में बनेगा एआई डाटा सेंटर

# सीएम साय और वित्तमंत्री चौधरी के नेतृत्व में बनेगा राज्य का पहला केंद्र

भास्कर दूत

रायपुर। आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्तर पर एआई सर्विसेज की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायएवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में नवा रायपुर अटलनगर में राज्य का पहला एआई डाटा सेंटर बनाया जाएगा।




नवा रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी की गई है। निर्माण के लिए सेक्टर-22 में 14 एकड़ भूमि का चिन्हांकन भी किया गया है।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

इस एआई डाटा सेंटर से वैश्विक पटल पर नवा रायपुर अटल नगर को अलग पहचान मिलेगी, क्योंकि विश्व की कई बड़ी कंपनियां एआई डाटा प्रोसेसिंग संबंधी काम यहां से संचालित करेंगी। शहर में एक नया इको सिस्टम तैयार होगा, जिससे एआई स्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेंगे, साथ ही फॉरेन करेंसी से व्यापार होने पर राज्य की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

### नवा रायपुर को मिलेगा एसईजेड का दर्जा

राज्य शासन का उद्देश्य है कि एआई डाटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों के सहयोग से शहर को विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाया जाए। चूंकि नवा रायपुर अटल नगर राज्य का लॉजिस्टिकल हब भी है, इसलिए एसईजेड के अंतर्गत आने पर शहर से आयात और निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे शहर में निवेश करने वाली सभी कंपनियों को बिजनेस करने में आसानी होगी। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले एसईजेड से होने वाले निर्यात पर कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, आयकर, मिनिमम अल्टरनेट टैक्स, डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स नहीं लगता।

### एआई डाटा सेंटर

*जब भी आप चैट जीपीटी का उपयोग करते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं या गूगल सर्च करते हैं तो आप डेटा सेंटर पर निर्भर होते हैं। यह डाटा सेंटर जनरल प्रोसेसिंग यूनिट से संचालित किए जाते है। आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी निर्भरता बढ़ रही है और वैश्विक स्तर पर आईए डेटा सेंटर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नवा रायपुर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके प्रथम चरण में नवा रायपुर के सेक्टर-22 में 5 मेगावाट के जीपीयू लगाए जाएंगे, जिसे भविष्य में 5-5 मेगावाट की क्षमता से बढ़ाया जाएगा, यह कार्य लगभग 2 वर्ष में पूरा होगा।*

साल के आखिरी दिन रायपुर में डबल मर्डर

# पुराने विवाद में युवकों ने एक दूसरे पर किया था पत्थरों से हमला

भास्कर दूत

**रायपुर।** राजधानी में न्यू ईयर से पहले डबल मर्डर हुआ है। चंगोराभांटा इलाके में दो युवकों की पत्थर से मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान कृष्णा यादव और सचिन बडोले के रूप में की गई है।

डीडी नगर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में छह आरोपियों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा यादव और सचिन का चंगोराभांटा में सोमवार को पुरानी बात पर विवाद हुआ था। दोनों ने एक दूसरे पर पत्थरों से हमला किया था। हमले में कृष्णा और सचिन गंभीर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। क्षेत्र में तनाव की माहौल है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### 200 मीटर दूर हत्या




कृष्णा और सचिन के बीच विवाद हुआ। इस दौरान सचिन के अन्य साथी पहुंच गए और विवाद के दौरान पत्थर से हमला कर दिया। इससे कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया। सचिन वहां से भाग निकला। कृष्णा के साथियों ने 200 मीटर दूरी पर उसे घेर लिया और उसकी भी पत्थर से मारकर हत्या कर दी।

### फॉरेंसिक की टीम मौके पर

सूचना मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया। सबूत जुटाए जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने निशानदेही पर छह आरोपियों को हिरासत में लिया है।

बैंक और दफ्तरों में गाड़ी अटैच कराने का झांसा..

# 100 मालिकों से किया 5 करोड़ का फ्रॉड, बेच दी 52 महंगी गाड़ियां!..

भास्कर दूत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपये की ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए लोगों में रायपुर और अन्य राज्यों के करीब 100 लोग शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ितों से उनकी कार और अन्य चार पहिया वाहनों को बैंकों और सरकारी विभागों में किराए पर लगाने का झांसा देकर ठगी की गई है।

### जालसाज का कारनामा

पीड़ितों ने बताया कि आरोपी जगमोहन सिंह मसराम, जो बोरियाकलां स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता है, ने यह धोखाधड़ी की है। उसने शुरुआत में पीड़ितों को विश्वास में लेने के लिए दो महीने का एडवांस भुगतान किया और विभाग के नाम पर लिखित




एग्रीमेंट किया। इससे वाहन मालिकों को यह भरोसा हुआ कि उनकी गाड़ियां सही तरीके से किराए पर ली जा रही हैं।

### पेमेंट रोककर किया गुमराह

जालसाज जगमोहन ने दो महीने के एडवांस पेमेंट के बाद भुगतान बंद कर दिया। वाहन मालिकों ने जब भी किराए की मांग की, आरोपी उन्हें टालता रहा। कई बार जब दबाव बढ़ा तो उसने बंद हो चुके बैंक खातों के चेक थमा दिए, जो बाउंस हो गए।

### गाड़ियां बेचने का शक

पीड़ितों को आशंका है कि आरोपी जगमोहन और उसके साथियों ने गाड़ियों को अन्य राज्यों में बेच दिया है या गिरवी रख दिया है। इस ठगी से प्रभावित कई लोग वे हैं, जिन्होंने बैंक से लोन लेकर अपनी गाड़ियां खरीदी थीं। अब वे किश्त चुकाने के लिए परेशान हैं और बैंकों से नोटिस झेल रहे हैं।

अब तक इस मामले में आरोपी से सात गाड़ियां बरामद की गई हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी जगमोहन सिंह मसराम और उसके दो साथियों के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का मानना है कि और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं।

### जांच जारी

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने अब तक 52 से अधिक महंगी गाड़ियों को बेच दिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि ठगी में और कितने लोग शामिल हो सकते हैं। यह मामला उन लोगों के लिए एक चेतावनी है जो बिना पूरी जांच-पड़ताल के अपनी गाड़ियां किराए पर देने का फैसला करते हैं।

# 15 दिन बाद लग सकती है आचार संहिता, नगरीय निकाय चुनाव का होगा ऐलान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 कराए जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधित करते हुए 01 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम (समय-अनुसूची) आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण में 31 दिसम्बर से निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली भी इसी तिथि को उपलब्ध कराई जाएगी।




दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 जनवरी 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि 09 जनवरी है। इसी प्रकार प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तथा प्राप्त दावों का निराकरण 11 जनवरी को किया जाएगा।

## सार समाचार

### डेढ़ लाख के नशीले टैबलेट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** एक्टिवा में सवार होकर दो युवक सोमवार को आरडीए बिल्डिंग के पीछे नशीली दवाओं की बिक्री कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर न्यू राजेंद्र नगर की पुलिस वहां पहुंच गई और 732 टैबलेट के साथ दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जब्त टेबलेट की कीमत डेढ़ लाख रुपये आंकी गई। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि आरडीए बिल्डिंग के पीछे मोटरसाइकिल सवार दो युवक अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेच रहे हैं। पुलिस के जवान वहां पहुंचे और दोनों युवकों को चिन्हित कर पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम प्रेम बघेल तथा किशोर हरपाल बताया। उनकी एक्टिवा की तलाशी लेने पर स्पास्मो नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिले। इनके संबंध में कोई प्रिसक्रिप्शन या अन्य वैध कागजात नहीं थे। दोनों को गिरफ्तार कर कुल 732 टैबलेट, बिक्री रकम तथा घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन एवं एक एक्टिवा (सीजी 04 एलएस 5973) कुल कीमत एक 50 हजार रुपये जब्त कर अपराध पंजीबद्ध किया है।

# ऑफिस के गल्ले से 45500 रुपए पार

**रायपुर** । केबीटी 10 फेस 3 कबीरनगर स्थित ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 45500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिलीप मिश्रा 40 वर्ष केबीटी 10 फेस 3 कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी वहां पर अपना ऑफिस चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के ऑफिस के शटर का ताला तोड़कर गल्ला में रखे नकदी 45500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बदमाशों का लगाया क्राइम ब्रांच में मेला

# मुर्गा बनाकर स्कूली बच्चों की तरह हाथ आगे कराकर मारा

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बदमाशों को लेकर पुलिस एक्शन मोड में है। सोमवार को पुलिस ने बदमाशों को उठाकर क्राइम ब्रांच परिसर लेकर आई। जहां पुलिस ने सैकड़ों बदमाशों की क्लास लगाकर उन्हें समझाइश दी।

सैकड़ों निगरानीशुदा बदमाशों को मुर्गा बनाकर और उठक- बैठक करवाकर उन्हें कठोर समझाइश दी। वहीं सोशल मीडिया पर चाकू तलवार के साथ वीडियो डालने वालों को भी शख्त चेतावनी दी गई है।

### सोशल मिडिया में वीडियो डालकर फैलातें हैं दहशत



आए दिन इन बदमाशों के नए कारनामे देखने को मिल जाते हैं। बीते दिनों इन बदमाशों का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें बदमाश गोगांव इलाके में सड़क पर खड़े होकर तलवार से केक काटते हुए दिखाई दे रहे थे। वहीं पिछले महीने रायपुर में 24 घंटे के भीतर ही तीन लोगों का मर्डर हुआ था। ताजा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का था। जहां पर आपसी विवाद के बाद युवक ने अपने ही साथी की फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं हत्या के बाद वह अपने दोस्त के लाश के पास ही बैठा रहा।

# आज साल के आख़िरी दिन खुद से कीजिए ये 5 वादें, ताकि खुशनुमा रहे 2025...

भास्कर दूत

**रायपुर।** 31 दिसंबर 2024 यानी इस साल का आखिरी दिन कल जब आप सुबह जागेंगे एक नए दिन 1 जनवरी 2025 में होंगे। इस तरह से 1 साल खत्म हो जाएगा। यह साल खत्म जरूर हो रहा है लेकिन हम हमारे मन और हमसे जुड़े लोग वैसे ही रहेंगे। हम आपको साल के अंत के साथ कुछ ऐसी बातें बताना चाहते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर आप आनेवाले साल को बेहतर और खुशनुमा बना सकते हैं।

### दुश्मनी भूल दोस्ती का हाथ बढ़ाएं

यह साल आपके जीवन में ढेर सारी खुशियों के साथ कुछ ऐसी सिचुएशन भी लाया होगा जिसे आप याद भी नहीं करना चाहते लेकिन इंसान हमेशा एक जैसा नहीं रहता है इसलिए सारे गिले सुख में को बुलाकर दुश्मनी छोड़कर दोस्ती का



हाथ आगे जरूर बढ़ाएं।

### अच्छे कामों की लिस्ट तैयार करें

इस साल में आपने कौन-कौन से अच्छे काम किए हैं, इसकी एक लिस्ट तैयार कीजिए, उन कामों को आगे बढ़ाइए जिनसे लोगों को फायदा हुआ हो, उनका जीवन आपकी वजह से बदला हो और आपके दिल को राहत मिले।

### बुरी आदतें छोड़कर आगे बढ़ें

नया साल इसलिए आता है कि हम अपने अंदर की बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को अपनाने का संकल्प ले सके। इस साल भी आप अपनी बुरी आदतों को समझें और उनकी एक लिस्ट तैयार करें, उन्हें पढ़कर हमेशा के लिए फाड़ दें ताकि अच्छी यादों के साथ आगे बढ़ सके।

किसी के लिए बुरा न सोंचे

किसी के लिए बुरा सोचने हमारे मन के अंदर भी बुराई लाता है इसलिए ध्यान रखिए परिस्थिति कोई भी हो आपको किसी के लिए बुरा नहीं सोचा है हमेशा दूसरों के हित और उसके अच्छे के लिए सोचते रहना है।

### सच्चे मन से जिये हर एक दिन

जो इंसान सच्चा होता है उसका मन भी सच्चा होता है इसलिए अपने मन को सच्चा रखकर अपना हर दिन जिये ताकि आप वही लगे जो आप अंदर से हैं।

# कमिश्नर महादेव कावरे ने डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने ली बैठक

## सुरक्षा एवं हिंसा रोकथाम के लिए समितियों का गठन करने के निर्देश

भास्कर दूत

**रायपुर** । रायपुर कमिश्नर श्री महादेव कावरे ने आज चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। कमिश्नर श्री कावरे ने चिकित्सा संस्थाओं में चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिये बने राज्य कानूनों और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं का विवरण, जिसमें उल्लंघन के लिये दंड का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो, प्रमुख स्थानों पर स्थानीय, हिन्दी, एवं अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित करने और सभी कर्मचारी, मरीज और आगंतुक इसके प्रति जागरूक करने






के निर्देश दिए। कमिश्नर ने चिकित्सालयों में वरिष्ठ चिकित्सकों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से एक अस्पताल सुरक्षा समिति और हिंसा रोकथाम समिति का गठन करने और समितियों को स्वास्थ्य संस्थाओं के परिसर में व्यापक सुरक्षा उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने का उत्तरदायी सौंपने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने चिकित्सा संस्थाओं में आम जनता और मरीजों के रिश्तेदारों के प्रवेश को सख्ती से नियंत्रित करने और आंगतुक-पास नीति को कड़ाई से लागू के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं के परिसर में मरीजों के रिश्तेदारों के गतिविधियों की निगरानी करने को कहा। कमिश्नर श्री कावरे ने चिकित्सको, रेसीडेंट डॉक्टर, नर्स, एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ के विभिन्न ब्लॉक, हॉस्टल भवनों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के अन्य क्षेत्रों में सुरक्षित रूप से आवागमन हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं विशेष रूप से रात्रिकालीन ड्यूटी के समय अतिरिक्त सावधानी अपनाने एवं सुरक्षित परिवहन और पर्याप्त प्रकाशयुक्त रास्तों एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था के निर्देश दिए। कमिश्नर ने चिकित्सकीय स्टाफ के आवासीय ब्लॉकों, हॉस्टल ब्लॉकों, और अन्य अस्पताल परिसर में उचित प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने, जिससे संभावित सुरक्षा खतरों को रोका जा सके।

# पैसे नहीं देने पर नानी के सिर पर लकड़ी के बट्टा मारा, हॉस्पिटल भी नहीं ले गए, हो गई मौत





भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुरमें नशेड़ी नाती ने अपनी बुजुर्ग नानी की हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नाती की तलाश में जुट गई। मामला खमतराई थानाक्षेत्र के शहीद नगर का है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक का नाम रवि यादव है। बताया जा रहा है कि, 3 नवंबर को रवि शराब के नशे में अपनी नानी 70 साल की भूरी बाई से पैसे मांग रहा था। भूरी बाई ने उसको पैसे देने से मना कर दिया तो गुस्साए रवि ने लकड़ी के बट्टे से उन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल लेकर नहीं गए बल्कि घर पर ही घरेलू इलाज कर रहे थे। घरेलू इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस बीच आरोपी नाती फरार हो गया है। वहीं पीएम रिपोर्ट में सर में चोट लगने से मौत का खुलासा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक की तलाश में पुलिस जुट गई है।

# 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने किया चक्का जाम, सौंपा ज्ञापन

## सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस पार्टी ने दिया समर्थन







भास्कर दूत

**बीजापुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग ने त्रिस्तरीय पंचायती राज और नगरीय निकाय के चुनावों में 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को भैरमगढ़ के जनपद कार्यालय के समीप धरना और चक्का जाम किया।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के रामलाल यादव और सुनील सोनी ने बताया कि यह बंद छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से चक्का जाम महाबंद बुलाया गया था। जिसमे सभी पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्य मौजूद थे जिन्होंने पुरे जोश के साथ महाबंद को सफल किया। महाबंद को सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस का समर्थन मिला था। धरना प्रदर्शन और चक्का जान 11.00 बजे से 1.00 बजे तक चला जिसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम विकास सर्वे को ज्ञापन सौंपा गया।

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बंद का समर्थन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने 3 दिसम्बर 2024 को अध्यादेश ला कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड.) (3) को विलोपित कर दिया है। अतः अनुसूचित क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग की 75 प्रतिशत के अंदर की सभी सीट अब सामान्य वर्ग के लिए मुक्त हो गई है।

प्रकाश ठाकुर ने बताया कहा कि यह सरकार ने क्यों किया और किसकी सलाह से किया यह समझ से परे है। कुछ विद्वान यह सलाह दे रहे है की पंचायत चुनाव में आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता है। यह असंवैधानिक है। लेकिन उनको यह समझना पड़ेगा की पंचायत राज व्यवस्था त्रि-स्तरीय है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत में जनसंख्या का अनुपात बदल जाता है। संविधान ने भी इसी बात को समझते हुए अनुच्छेद 243 (घ) (6) में राज्य सरकार को इसलिए यह शक्ति दी की वह पिछड़ा वर्ग के लिए भी प्रावधान कर सके। इसलिए राज्य सरकार को अब चाहिए की पंचायत चुनाव में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आरक्षण यदि 50 प्रतिशत के ऊपर भी जाता है तो भी अन्य पिछड़ा वर्ग को उसकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करे। बीजापुर विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने पिछड़े वर्ग की अनदेखी को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि संवैधानिक मंशा के अनुरूप पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान जनसंख्या के अनुपात में किया। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग को अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले आरक्षण के बाद कुल 75 प्रतिशत में से जितना प्रतिशत बच रहा है उस पर पूरा शत प्रतिशत आरक्षण दिया। विष्णुदेव साय सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय में बहु संख्यक पिछड़ा वर्ग को अनदेखी की है। पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देना होगा। इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के जग्गूराम तेलामी, सीताराम मांझी, लच्छू मोड़ियम सहित पिछड़ा वर्ग समाज के लोग मौजूद थे।

# गरियाबंद पुलिस अधीक्षक नक्सल प्रभावित ग्राम नारीपानी के लोगों से हुए रूबरू




**गरियाबंद( भास्कर दूत )।** गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा नक्सली गश्त के दौरान अपने टीम के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के उद्देश्य से लगातार ग्रामीणों के बीच जाकर रूबरू हो रहे है।

31 दिसंबर 2024 को मैनपुर क्षेत्र के ग्राम नारीपानी के बच्चों एवं ग्रामीणों से मिलकर हाल-चाल जाने साथी स्कूली बच्चों को स्कूल बैग चप्पल महिलाओं को साड़ी,पुरुषों को गमछा,साल एवं अन्य सामग्री वितरण किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी कोशिश है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा का अहसास हो। हमारी पुलिस लगातार इन क्षेत्रों में गश्त कर रही है और ग्रामीणों के साथ मिलकर काम कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस की वजह से हम अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस हमारे बीच रहकर हमारी समस्याओं को सुनती है और उनका समाधान कर रही है। इस दौरान थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिव शंकर हुर्रा ई 30 प्रभारी सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप एवं अन्य पुलिस जवान उपस्थित रहे

# श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय पदाधिकारी ने की डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट

भास्कर दूत



**बालोद।** प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक संगठन श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांतीय पदाधिकारियों प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख, महासचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष छगन यादव, उपाध्यक्ष हृदय राम सोरी तथा सचिव प्रदीप कुलदीप ने विगत 30 दिसंबर को प्रतिष्ठान के मुख्य संरक्षक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर प्रतिष्ठान के विस्तार एवं गतिविधियों से अवगत कराया।

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ने बताया कि प्रदेश के पूरे 33 जिले मे जिला एवं संभाग प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं तथा संगठणात्मक ढांचे को सरगुजा से लेकर दंतेवाड़ा ,सुकमा, बीजापुर पर सुदृढ़ किया जा रहा है। जिससे महाकवि तुलसी की भाव संचेतना और भगवान श्री राम के आदर्श मर्यादा के साथ सामाजिक समरसता और राष्टीय एकता को मानस के अनुरूप सृजित किया जा सके। डॉ रमन सिंह ने प्रतिष्ठान के गतिविधियों की जानकारी ली । प्रतिनिधि मंडल ने आगामी 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर आयोजित प्रतिष्ठान के नवनिर्वाचित पदाधिकारी की शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आग्रह किया, जिसे सहर्ष स्वीकार कर सहमति प्रदान की।

# 2024 की 12 बड़ी घटनाएं, जो बनी चर्चा का विषय यादगार घटनाक्रमों का गवाह बना

भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** साल 2024 कई बड़े और यादगार घटनाक्रमों का गवाह बना। राजनीति, अपराध, शिक्षा, और प्रशासन से जुड़े इन मामलों ने पूरे जिले को सुर्खियों में ला दिया। व्यापार,स्कुल शिक्षा, उच्च शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, छत्तीसगढ़ी और अन्य भाषा, स्थानीय भाषा, पर्यावरण संरक्षण जैसे जन सामान्य के लिए महत्वपर्ण विषयों के विधिक पहलू पर प्रकाश डालने वाला है

### 1. पत्रकार कांडः

जिले में पत्रकारों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता को लेकर बहस छिड़ी। सरकारी भवन प्रेस क्लब पर अवैध कब्जे के मामले ने तूल पकड़ा।

### 2. बलौदाबाजार आगजनी केसः

बीजेपी सरकार बनने के बाद कलेक्टर और एसपी दफ्तर पर गुस्साई भीड़ ने हमला कर दिया। इस आगजनी में दफ्तर जलकर खाक हो गया। सैकड़ों गिरफ्तारियां हुई और केस की सुनवाई अभी भी जारी है।

### 3. हनुमान चालीसा का चमत्कारः


आगजनी की घटना में जलकर राख हुए दस्तावेजों के बीच हनुमान चालीसा का सुरक्षित मिलना चमत्कार के रूप में देखा गया।

### 4. जनपद पंचायत संपत्ति कुर्कः

जिला प्रशासन ने जनपद पंचायत की संपत्ति कुर्क की। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार जनपद सीईओ और अध्यक्ष तक की कुर्सी छीनी गई।

### 5. नकली नोट का खुलासाः

पुलिस ने 2.32 लाख के नकली नोट बरामद किए और नोट छापने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया।




### 6. सड़क हादसाः

शादी से लौट रहे जीजा और साले की सड़क दुर्घटना में मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### 7. फिल्म के हीरो-डायरेक्टर गिरफ्तारः

सतनाम समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में छत्तीसगढ़ी फिल्म के हीरो और डायरेक्टर जेल भेजे गए।

### 8. छरछेद हत्याकांडः

कसडोल इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या जादू-टोने के शक में की गई। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### 9. टंकराम वर्मा को कैबिनेट में जगहः

बलौदाबाजार के विधायक टंकराम वर्मा को राजस्व, खेल और आपदा प्रबंधन विभाग का मंत्री बनाया गया।

### 10. सीजीपीएससी में टॉपः

रविशंकर वर्मा ने सीजीपीएससी परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

### 11. प्रीति यादव का 12वीं में टॉपः

किसान की बेटी प्रीति यादव ने 12वीं की परीक्षा में टॉप कर पूरे जिले को गर्वित किया।

### 12. 40 साल बाद बाघ की वापसीः

बारनवापारा अभयारण्य में 40 साल बाद बाघ दिखने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।

2024 बलौदाबाजार के लिए घटनाओं से भरा रहा, जिसने जिले को कई नई पहचान दी।

# कुदरी बैराज में नववर्ष का स्वागत करने लग रहा पर्यटकों का तांता



भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव नदी पर बने कुदरी बैराज इन दिनों अपने पूरे शबाब पर है। साल 2024 के अंतिम पड़ाव में, यह स्थान नववर्ष 2025 के स्वागत के लिए पर्यटकों का मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। वनों और पेड़-पौधों की हरियाली, नदी की शीतलता और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। देश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने और मोटरबोट की सवारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की भीड़ इतनी अधिक है कि कई समूह बस बुक कर यहां पहुंच रहे हैं।

कुदरी बैराज पर लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। स्थानीय प्रशासन और पर्यटन विभाग के अनुसार, कुदरी बैराज का यह प्राकृतिक सौंदर्य और यहां की सुविधाएं इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। मोटरबोट की सवारी और पिकनिक का आनंद लेने वाले लोग इसे अपने जीवन के खास पलों में शामिल कर रहे हैं। नववर्ष के अवसर पर यहां का माहौल और भी जीवंत हो जाता है। बैराज की खूबसूरती, ठंडी हवाएं और आसपास का शांतिपूर्ण वातावरण हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कुदरी बैराज का यह अद्भुत दृश्य निश्चित रूप से इस नववर्ष को खास बना रहा है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने ग्राम पंचायत कुरदी में बनेगा जिले का पहला महतारी सदन

भास्कर दूत



**बालोद।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुरदी में जिले का पहला महतारी सदन बनाया जाएगा। जिसकी सौगात मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विगत दिनों बालोद जिले के राजाराव पठार में आयोजित कार्यक्रम में दी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में बनने जा रहे महतारी सदन से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। बालोद जिले के ग्राम कुरदी की श्रीमती पोमीर साहू ने बताया कि उन्हें बेहद ही खुशी हो रही है कि उनके गांव में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। पहले हम महिलाओं को चर्चा, बैठक आदि के लिए यहाँ-वहाँ बैठना पड़ता था। उपयुक्त स्थान नही होने की वजह से हमें काफी समस्याएं भी आती थी। लेकिन हमारी इस समस्या को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सोंचा, समझा और उसका हल निकालते हुए महतारी सदन की सौगात हम महिलाओं को दी है। इसके लिए हम सभी महिलाएं उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करती है।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी सदन की सौगात मिलने पर ग्राम कुरदी के ग्रामीणों ने जताया आभार**

गांव की बुजुर्ग महिला श्रीमती उषा किरण योगी ने बताया कि हम गांव की महिलाओं को आजीविका संबंधी कार्यों एवं कई प्रकार के बैठकों के लिए अन्य भवन या किसी के घर जाना पड़ता था। बैठक एवं गतिविधियों के लिए कोई निश्चित स्थान नही था। लेकिन अब महतारी सदन बनने से गांव की सभी महिलाओं के लिए एक अच्छा भवन मिल पाएगा। जहाँ हम महिलाएं आजीविका संबंधी गतिविधियां और बैठक आदि कर सकती हैं। महतारी सदन की सौगात हम महिलाओं को देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी को हृदय से धन्यवाद। ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच श्री संजय साहू ने अत्यंत ही हर्ष के साथ बताया की बालोद जिले का पहला महतारी सदन उनके ग्राम पंचायत कुरदी में बनने जा रहा है। यह सौगात ग्राम कुरदी की महिलाओं के लिए सौभाग्य की बात है। श्री संजय साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह आर्थिक संबल भी मिल रहा है। अब उन्होंने महतारी सदन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु बड़ी सौगात दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनदर्शन में मिले 79 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की शिकायतों एवं मांग जैसे समस्याओं को सुना जा रहा है। जनदर्शन में कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में आए बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुड़पार के रहने वाले शाश्वत चौबे द्वारा राशनकार्ड पर नॉमिनी दर्ज करने को लेकर किए गए आवेदन पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को राशनकार्ड में नॉमिनी को खाद्यान्न उठाव की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिस पर नॉमिनी को राशन उठाव की सुविधा प्रदान की गई। जनदर्शन में अन्य आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए।

### सड़कों पर धूल से लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ज्यादातर सड़कें बदहाल है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में टूटी सड़कों और उस पर वाहन गुजरने के बाद उड़ने वाली धूल से यात्रियों के साथ आसपास के रहवासी बेहद परेशान है। सड़क सुधार को लेकर जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई पहल नही किया जा रहा है। जिससे समस्या बढ़ते जा रही है। इन धूल भरी सड़कों पर स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर खेतिहर किसान, गांव के बुजुर्ग गुजरते है। जिनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। लोगों को श्वांस संबंधी रोग जकड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में दमा के मरीज बढ़ रहें हैं। ग्रामीण लगातार सड़क मरम्मत की मांग कर रहे हैं।

### नैला रेलवे फाटक में आये दिन जाम से लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के नैला रेलवे फाटक जो आये दिन ज्यादा समय तक बंद रहने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नैला रेलवे फाटक बंद होने से ग्रामीण सबसे ज्यादा परेशान होते है। यह रोड एक ओर कन्हाईबंद, सिवनी, पाली, जर्वे होते हुए बलौदा जाती है। वहीं दूसरी ओर ग्राम सरखों, करमंदी, करमंदा, पहरिया होते हुए पंतोरा की ओर जाती है। नैला रेलवे फाटक बंद रहने से बरसात के दिनों में लोग बारिश में भीग जाते वही गर्मी के दिनों में कड़ाके की धूप का सामना करना पड़ता है। रात के समय ज्यादा लोग फाटक बंद रहने से नीचे से झुककर फाटक पार कर अपनी जान जोखिम में डालते है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जांजगीर-चांपा।** युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मिसदा निवासी कु. अंकुर राही पिता जीवन राही उम्र 19 वर्ष ने अज्ञात कारण से रविवार 29 दिसम्बर की रात्रि तकरीबन 7 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

### पिकअप चालक ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौत

**जांजगीर-चांपा।** पिकअप चालक ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे युवक बुरी तरह से आहत हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकरेली निवासी प्रेम प्रकाश केंवट उम्र 26 वर्ष पिता संतोष केंवट सोमवार 30 दिसम्बर को बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था। इस दौरान पिकअप चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुये जोरदार ठोकर मार दी। जिससे कि वह गंभीर रूप से आहत हो गया। जिसे इलाज के लिए डायल 112 ने जिला चिकित्सालय लाया, जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

### जिला चिकित्सालय में 3 दिन सोनोग्राफी की सुविधा

**जांजगीर-चांपा।** जिला चिकित्सालय जांजगीर में 1 जनवरी से सप्ताह में 3 दिवस (प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को गर्भवती माताओं तथा प्रत्येक बुधवार को गर्भवती माताओं के साथ एवं अन्य सोनोग्राफी) की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गर्भवती माताओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होने से उच्च जोखिम वाले गर्भवती माताओं को सही समय पर उपचार के साथ ही साथ उनको आर्थिक दृष्टि से भी लाभ मिलेगा एवं दूर दराज से आये गर्भवती माताओं को सोनोग्राफी के लिए निजी संस्थाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सोनोग्राफी की सुविधा जिला चिकित्सालय में कक्ष क्र. 15 मे उपलब्ध है।

### भव्य डीजे प्रतियोगिता दो को

**बालोद।** ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी (देमार) मे बोल बम कवांरिया के तत्वावधान मे 2 जनवरी गुरुवार को रात्रिकालीन भव्य डीजे प्रतियोगिता रखा गया है 7जिसमें सामुहिक में

प्रथम पुरस्कार 10001/-
द्वितीय 7001/-, तृतीय 5001/-
युगल में प्रथम पुरस्कार 5001/-
द्वितीय 3001/-, तृतीय 2001 /-
एकल में प्रथम पुरस्कार 3001/-
द्वितीय 2001/-, तृतीय 1001 /-

रुपये दिया जाएगा 7 तैयारी मे अध्यक्ष अजय देशमुख, उपाध्यक्ष लक्की देशमुख, सचिव सागर देशमुख समस्त बोल बम कवांरिया समिति एवं समस्त ग्रामवासी कार्य में जुटे है।

## संपादकीय

# दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है।

अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है। इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है।

बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है। यह संगठन क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, नशीले पदाथरे की तस्करी और सीमा विवादों के समाधान के संभावनाओं पर भी काम करता है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सभ्यताओं में से एक सिंधु सभ्यता का घर है और दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। जातीय, भाषाई और राजनीतिक विखंडन के इतिहास के बावजूद, इस क्षेत्र के लोग एक समान सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से एकजुट माने जाते हैं।



उमेश चतुर्वेदी

बीते वक्त में क्या खोया और क्या पाया, हर नए साल के साथ इसके मूल्यांकन की परंपरा है। इस लिहाज से अगर बीते हुए यानी साल 2024 का मूल्यांकन करेंगे तो कई बिंदुओं पर हमें निराशा हाथ लगेगी तो कई उपलब्धियों और कामयाबियों का भी जि होगा। लाल आतंक के रूप में विख्यात नक्सलवाद पर नकेल बीते हुए साल की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें भूमिका राज्यों की भी कम नहीं रही है।

# अमित शाह की रणनीति से नक्सलवाद पर लगाम

बीते साल सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने समर्पण करके मुख्यधारा की जिंदगी को अपनाया है। नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर समर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानता तो उसकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बावजूद अगर नक्सलवादी नहीं माने तो उनके खिलाफ निर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गई। इसी का असर रहा कि बीते साल अकेले छत्तीसगढ़ राज्य मे ही करीब एक हजा से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। इनमें झारखंड में मारे गए नक्सलियों की संख्या सिर्फ नौ रही, जबकि सबसे ज्यादा नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किए गए। इन सभी नक्सलियों पर 36 लाख का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ की कमर सबसे ज्यादा उस छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों कभी कांग्रेस के तकरीबन समूचे राज्य नेतृत्व को खत्म कर दिया था। छत्तीसगढ़ में करीब 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को



अमित शाह

> नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया।

माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। इसके तहत केंद्र सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान केंद्रित किया । बस्तर समेत तमाम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हजारों गांवों को सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। इन गांवों में बुनियादी सहूलियतों को बहाल किया गया। इसकी वजह से इन इलाकों के स्थानीय निवासियों की जिंदगी की कठिनाइयां कम हुईं। इसकी वजह से उन्होंने विकास की धारा को अपनी आंख से देखा और भारतीय राष्ट्र राज्य के बारे में उनकी धारणा बदली। इस धारणा को बदलने के बाद सुरक्षा बलों के लिए नक्सलियों को रोकने के लक्ष्य में बड़ी सफलता मिली। नक्सलियों को लोक समर्थन कम हुआ।

इसके साथ ही सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए आर्थिक सहायता और पुनर्वास योजनाओं की शुरुआत की। इसके तहत 15,000 आवास बनाने का फैसला लिया गया, साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में रोजगार को लेकर विशेष योजनाएं चलाई गईं। इससे न केवल हिंसा में कमी आई , बल्कि स्थानीय लोगों की जिंदगी की दुश्वारियां कम हुईं। इसकी वजह से उन लोगों का मन बदला, जो माओवाद की राह पर नक्सलवादी वैचारिक बहकावे में चल पड़े थे। बुनियादी ढांचा सुधारने, रोजगार की स्थितियां बेहतर बनाने और विकास की धारा को बहाने के बावजूद लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहे लोगों के लिए मुख्यधारा में लौटना या मुख्यधारा के प्रति भरोसा बनाना बिना सुरक्षा सुनिश्चित किए संभव नहीं था। सरकार ने इस मोर्चे पर भी काम किया और सुरक्षा बलों की प्रभावी उपस्थिति हर संभव स्तर पर की।

नक्सल प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा सहूलियत को बढ़ावा देने के लिए युद्धस्तर पर कार्यक्रम चलाए गए। पहले इन इलाकों के लिए स्कूल और अस्पताल सपना थे, लेकिन अब हालात बदल रहे है। इसके साथ ही, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना भी की गई है। जहां आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। इससे भी नक्सल प्रभावित इलाकों के लोगों का मन बदला है। स्थानीय समुदायों का सहयोग इस अभियान की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। अमित शाह ने प्रभावित क्षेत्रों में जनता से सीधे संवाद स्थापित किया है। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। स्थानीय सुरक्षा बलों को मजबूत करते हुए उनकी मदद से नक्सलवाद को कमजोर किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल जनता का विश्वास जीता है, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और स्थिरता लाने में भी मदद की है। इस बीच नक्सलियों पर गहन निगाह रखने के लिए जहां खुफिया तंत्र को मजबूत बनाया गया, वहीं उनकी निगाहबानी के लिए तकनीक का भी खूब सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन जैसी तमाम तकनीकों के जरिए जहां माओवादियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, वहीं सटीक सूचनाओं के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में भी आसानी हुई है। इसके साथ ही नक्सलियों के लिए की जा रही परोक्ष और अप्रत्यक्ष फंडिंग पर नकेल कसी गई है। हालांकि सरकार के इस कदम को लेकर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना झेलनी पड़ी है। लेकिन केंद्र सरकार ने अपना रूख नहीं बदला।

> गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। नक्सलवाद पर नकेल कितना कारगर रहा है, इसका ही असर है कि देश के अब सिर्फ 38 जिले ही नक्सल प्रभावित माने जा रहे हैं, जबकि पहले ऐसे जिलों की संख्या 120 से अधिक थी। नक्सलवाद से जुड़े सिमटते आंकड़े ही बता रहे हैं कि केंद्र सरकार की नक्सलविरोधी रणनीति की दिशा सही है।

# एक अच्छे, भले और नेक प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी? भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वही झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है। उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है। यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और ले जाने वाली।

– **हरिशंकर व्यास**

## नव वर्ष आया है



नव वर्ष देखो अब आया है  
नव संदेश, लेकर लाया है।  
आओ इसका स्वागत करें  
मन को फिर से जाग्रत करें।  
चलो आशाओं का संचार करें  
नव वर्ष का हम, आभार करें।  
भूल-चुक का हम सुधार करें  
कमी क्या थी पुन:विचार करें।  
आओ एक दूसरे से प्यार करें  
ईर्ष्या-द्वेष का, बहिष्कार करें।

**अशोक पटेल 'आशु'**  
**तुस्मा,शिवरीनारायन(छ ग)**

## कविता : // हे नूतन वर्ष ! //




हे नूतन वर्ष !  
आइए स्वागत है।  
शोणितवर्ण सूर्य-मयूख की,  
उदित आशाएँ।  
शीतल स्नेह-भ्रातृत्व भाव की,  
प्रमुदित भाषाएँ।  
हे वट तरू से झाँकता स्वर्णिम हर्ष !  
आइए स्वागत है।  
हे नूतन वर्ष...!  
मन को शांति दिलाने वाले,  
जन-जन का भाग्य विधाता।  
दृढ़ प्रबल पुलकित भाव,  
अरु प्रगतिपथ दिखाता।  
हे गूढ़ विचार-विमर्श !  
आइए स्वागत है।  
हे नूतन वर्ष...!  
धराधाम के स्थापित धर्म के,  
नवसृजन खातिर।  
समाज अरु राष्ट्र के,  
नवपरिवर्तन खातिर।  
हे नीति-निर्माण-निष्कर्ष !  
आइए स्वागत  
हे नूतन वर्ष...!

टीकेश्वर सिन्हा  
गब्दीवाला



## नव वर्ष अभिनंदन

नई उमंगें नई सूर्य किरण से,  
सजा रहे आपका घर आँगन।  
ना कोई गम ना हो निराशा,  
हंसता- खिलता रहे ये चमन ।  
पुराने सुख - दुख भुलाकर,  
कीजिए पुन: नव सृजन ।  
इस नववर्ष को सब मिलकर,  
करें सहर्ष पूर्वक अभिनंदन।।  
जमी आसमा का हों मिलन,  
दुवाओं का आँचल मंगलम ।  
सारी झोलियाँ मेरी भर जाएं,  
छोटा लगने लग जाए दामन।  
चाँद सितारों से हो जगमग,  
उज्जवल भविष्य सा जीवन ।  
बागों के पंछी, पुष्पों सा सुगंध,  
महकता रहे यह गुलशन।  
झूम उठे डाली -डाली पत्तें,  
विचारों का हो नव पल्लवन।  
मिले सुख समृद्धि धन वैभव,  
हो प्रेमाभावों का नंदन वंदन।  
रीत,प्रीत, गीत, संगीत का,  
बना रहे सच्चा स्नेह गठबंधन।  
रिश्ते -नातों को बधाई देकर,  
करें नव वर्ष का अभिनंदन।।



मदन मंडावी  
ढारा (करेला) डोंगरगढ़,  
छत्तीसगढ़

## नव वर्ष की आस

एक उम्र थी  
सत्ता पर यकीन था  
लगते मानों भर्ती निकलती रहेगी  
अब एक उम्र यह है  
लगते मानों आँसू निकलती रहेगी  
अटकले आती रहेगी  
कयास लगते रहेंगे  
पर होगा यहाँ कुछ नहीं  
विश्रंभ टूटता रहेगा  
चुनावी दावे लगते रहेंगे  
सब सुर्खियाँ बेबुनियाद होंगे  
मुट्ठी सरिस कुछ निकल भी गए  
रेत सा फिसलने लगेंगे  
उत्कोच के बीच टहलने लगेंगे  
होगा कुछ ऐसा  
जो कोर्ट परिसर में उछलने लगेंगे  
ये पूर्व निर्धारित षणयंत्र  
उम्र को बढ़ा,तार्किकता घटा दिया  
पर नव वर्ष में नव आस है  
कुछ नव होगा विश्वास है  
पर पता नही कब?  
यह नही अल्फ़ास है ।।



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति  
जाँजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)

## पंथ नवा बनाबो

जात पात ला हम भुलाबो  
मानवता मा माथ?? झुकाबो  
दीनदुखी ला गला लगाबो  
चलो नवा पंथ हम बनाबो।।  
उच्च नीच के भाव मिटाबो  
जरूरतमंद मा धन लुटाबो  
सुख-दुख मा हाथ बटाबो  
चलो नवा पंथ हम बनाबो।।  
जुरमिल के सब हम रहिबो  
एक दुसरा के सहारा बनबो  
देश ला शिखर मा पहुंचाबो  
चलो नवा पंथ? हम बनाबो।।  
क्षेत्रीय के राग ला मिटाबो  
हिंदुस्तानी के धुन चलाबो  
केवल भारत के गुन गाबो  
चलो नवा पंथ? हम बनाबो।।  
जातिवाद ला खत्म करबो  
वंशवाद ला हम भगाबो  
संविधान के मार्ग मा जाबो  
चलो नवा पंथ हम बनाबो।।  
विदेशी जिनीश ला छोड़बो  
स्वदेशी समान ला अपनाबो  
रूपिया के मान सब बढ़ाबो  
चलो नवा पंथ हम बनाबो।।



लक्ष्मीनारायण सेन  
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

## नया साल

गुलाबी सर्द हवाओं का प्यारा आलिंगन,  
बीते कल की सुनहरी यादों में ले जाता है ,  
दूर तलक फैली थी मोहक महक जिसकी,  
पुरानी वादियों का अक्स महसूस कराता है ।  
प्रकृति की रमणीक सुंदरता मन को भांति,  
बर्फ की चादर ओढ़े धरती मुस्कुराती हैं,  
अंगीठी से रात दिन एक धार होती सिकाई,  
सवेरे दूर दूर तक धवल धुंध छा जाती हैं ।  
फिर मद्धिम धूप का गुपचुप यूं खिलना,  
कंपकंपाती ठिठुरन से राहत दे जाता है,  
वो पुरवाई का हौले-हौले से मधुरतम स्पर्श,  
तन-मन में नयी 'आनंद' उमंग बढ़ाता हैं।  
सर्द पौष-माघ की ये लंबी-लंबी ठंडी रातें,  
यादों की गठरी खुबसूरत बीती मुलाकातें हैं ।  
कभी खत्म न होने वाली प्यारी अशेष बातें,  
उम्र की दहलीज़ पर मिली बिछुड़ी सौगातें हैं ।  
इसी बीच शुष्क दिसंबर को अलविदा कर,  
नया साल नई योजनाओं के साथ आता हैं,  
जीवन में कुछ पूरी और कुछ अधूरी रह गई,  
चाहतों पर नव निर्माण नव प्रारूप सजाता हैं ।

- मोनिका डागा 'आनंद', चेन्नई,  
तमिलनाडु



## ग़ज़ल

**क़ाफ़िया -: 'आने' की बंदिश**  
**रदीफ़ -: से पहले**

चलेंगे अगर हम ज़माने से पहले।  
बनेगा फ़साना फ़साने से पहले।।  
तुम्हें भी सनम दर्द होगा यक़ीनन  
ज़रा सोचना दिल दुखाने से पहले।  
अभी हमने बुनियाद रक्खी नहीं है,  
गये छोड़ वो घर बसाने से पहले।  
घरों में तुम्हारे लगे होंगे शीशे,  
ज़रा सोच लो सँग उठाने से पहले।  
पड़ोसी तो भूखा नहीं सो रहा है,  
रखें याद खाना बहाने से पहले।।  
तुम्हारे लिए ही जिये जा रहा हूँ,  
चले आइये जान जाने से पहले।  
खुदाया है क़िस्मत ये कैसी हमारी,  
सभी ख़्वाब टूटे सजाने से पहले।  
तुम्हारी तरफ भी इशारा करेगी,  
रहे ध्यान उँगली उठाने से पहले।  
गिरेबां में अपने ज़रा झाँक लेना,  
ज़रा यार तोहमत लगाने से पहले।  
वफ़ाओं को पहले मेरी याद करना,  
ज़फाओं को अपनी छुपाने से पहले।  
सनम दीप की ही कहानी लिखी है,  
बहुत सोचना ख़त जलाने से पहले।।


डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप'  
डोंगरगाँव जिला  
राजनांदगाँव



## दुनिया में ज़ालिम लोग पड़े हैं...?

इस दुनिया में ऐसे ज़ालिम लोग भी पड़े हैं,  
हमसे करवा ही लेते हैं ऐसे बहुत सारे काम!  
वे मेहनताना भी नहीं देते और नोचने खड़े हैं।  
क्या बात करें इनकी सर पे ही आ के खड़े हैं,  
हमको दिखा देते हैं बिना यात्रा के चारों धाम!  
हम जा रहे घर, रास्ता है जाम वे रोकने खड़े हैं।  
चित भी मेरी पट भी मेरी की तर्ज पर ये अड़े हैं,  
हमको ही दिखाते आँख, ऊंची करते हैं नाक!  
हमारी हस्ती मिटाने पूरी ताकत झोंकने चले हैं।  
धन की माया में गठरी लेकर आकंठ डूब चले हैं,  
अब पूरे देश में हो गया है इनका जबरदस्त नाम!  
द्रोहियों के आगे सिर झुका तलवे चाटने चले हैं।

**संजय एम. तराणेकर**  
**( कवि, लेखक व समीक्षक )**  
**इन्दौर-452011 ( मध्यप्रदेश )**



## शब्द सामर्थ्य– 466


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



## शब्द सामर्थ्य – 465

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू–दोकू क्र. 466

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू–दोकू क्र. 465 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकों की स्थिति काफी मजबूत : आरबीआई



**मुंबई** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सोमवार को जारी की गई फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अर्थव्यवस्था और घरेलू फाइनेंसियल सिस्टम मजबूत आर्थिक आधार, कंपनियों और बैंकों की स्वस्थ बैलेंसशीट और दशकीय उच्च स्तर पर मौजूद रिटर्न ऑन एसेट्स आधारित है।

रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत आधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी रहेगी।

रिपोर्ट में बताया गया कि शेड्यूल कमर्शियल बैंकों में मजूबती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बैंक का मुनाफा मजबूत बना हुआ है। नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) कई दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिटर्न ऑन एसेट्स (आरओए) और रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) कई दशकों के उच्चतम स्तर पर हैं।

केंद्रीय बैंक ने बताया कि मैक्रो स्ट्रेस से पता चला कि सभी बैंकों के पास पर्याप्त कैपिटल मौजूद है और विपरित परिस्थितियों का सामाना कर सकते हैं। स्ट्रेस टेस्ट में म्यूचुअल फंड और क्लियरिंग कॉरपोरेशन की स्थिति भी मजबूत थी।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) की स्थिति पर्याप्त पूंजी बफर, मजबूत ब्याज मार्जिन और आय एवं बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ स्वस्थ बनी हुई हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बीमा क्षेत्र का कंसोलिडेटेड सॉल्वेंसी रेश्यो भी न्यूनतम सीमा से ऊपर बना हुआ है।

रिपोर्ट में आगे बताया गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली अनिश्चितता बढ़ने के बावजूद मजबूत बनी हुई है।

हालांकि, निकट अवधि के जोखिम कम हो गए हैं, लेकिन एसेट के मूल्यांकन में वृद्धि, उच्च सार्वजनिक ऋण, लंबे समय तक भू-राजनीतिक संघर्ष और उभरती टेक्नोलॉजी से जोखिम जैसे कारक वित्तीय स्थिरता के लिए मध्यम अवधि के जोखिम पैदा करते हैं।

आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इक्विटी मूल्यांकन में वृद्धि, माइक्रोफाइनेंस और उपभोक्ता ऋण खंडों में तनाव की स्थिति और बाहरी स्पिलओवर से जोखिम जैसी कमजोरियों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है।

वैश्विक विनियामक पहलों ने तकनीकी प्रगति, साइबर सुरक्षा खतरों और तीसरे पक्ष पर निर्भरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गैर-बैंक वित्तीय मध्यस्थों और सीमा पार भुगतान प्रणालियों में कमजोरियों को दूर करना प्राथमिकता बनी हुई है।

साल के आखिरी दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट

# नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी



**मुंबई** । घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर आईटी, रियलिटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9ः25 बजे सेंसेक्स 434.64 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,813.49 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 108.90 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,536 पर कारोबार कर रहा था।

बाजार का रुख मिलाजुला रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,096 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,040 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। बाजार के जानकारों के अनुसार, दिसंबर का महीना वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजारों के लिए कमजोर रहा है। एसएंडपी 500 में 2.34 प्रतिशत और निफ्टी में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा, बाजार नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि अनिश्चितता अधिक है और मूल्यांकन बढ़ा हुआ है।

निफ्टी बैंक 191.50 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,761.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 244.95 अंक या 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,944.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,618.95 पर था। सेक्टोरल फ्रंट पर पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसई और हेल्थकेयर सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, इंफोसिस, जोमैटो और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। जबकि टाटा मोटर्स, आईटीसी, टाटा स्टील, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक और नेस्ले इंडिया टॉप गेनर्स थे। पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोंस 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,573.73 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.07 प्रतिशत गिरकर 5,906.94 पर और नैस्डैक 1.19 प्रतिशत गिरकर 19,486.79 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में चीन लाल निशान पर कारोबार कर रहा था, जबकि हांगकांग हरे निशान पर कारोबार कर रहा था।

# अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 5 प्रतिशत उछला




अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी

**मुंबई** । अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर में सोमवार को जबरदस्त तेजी देखी गई।

दोपहर करीब 12ः07 बजे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 2,553 रुपये पर था।

शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3,743 रुपये प्रति शेयर और न्यूनतम स्तर 2,030 रुपये प्रति शेयर है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के मौजूदा बाजार मूल्य ने अपने दो अहम रुकवट स्तरों को पार कर लिया है। मौजूदा बाजार मूल्य ने सबसे पहले 2,444.93 रुपये के रुकावट स्तर को पार किया, जिसके बाद यह 2,473.37 रुपये की रुकावट को पार करने में सफल रहा। सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में अदाणी पोर्ट्स ने अपनी जगह बनाए रखी। सुबह करीब 12 बजे अदाणी पोर्ट्स का शेयर 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,239.75 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

# फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक, 3 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम




इस साल निर्देशक पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट खूब चर्चा में रही। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार भारतीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म का खूब जलवा देखने को मिला।इस फिल्म ने कान्स का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार ग्रैंड प्रिक्स जूरी प्राइज अपने नाम किया और यह पुरस्कार जीतने वाली पायल भारत की पहली महिला निर्देशक बन गईं।अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है। आइए बताते हैं यह आप कब और कहां देख पाएंगे। ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट का प्रीमियर 3 जनवरी, 2025 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। यह फिल्म पहले से अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।यह एक मलयालम फिल्म है, जिसकी कहानी 2 नर्सों (प्रभा और अनु) पर आधारित है। दोनों अपनी दोस्तों के साथ एक ट्रिप पर जाती हैं, जहां वो खुद की पहचान तलाशती हैं। उन्हें आजादी के मायने समझ आते हैं।गोल्डन ग्लोब, 2025 में भी ऑल वी इमेजिन एज लाइट को नामांकन मिला है।

स्ट्रीमिंग रिलीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक पायल कपाड़िया ने कहा, ऑल वी इमेजिन एज लाइट को आप सभी से मिले प्यार से मैं रोमांचित हूं। एक सफल नाट्य प्रदर्शन के बाद मुझे खुशी है कि अब यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखने के लिए उपलब्ध होगा। मैं अब इसे व्यापक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

कनी कुसरुति ने फिल्म में प्रभा की भूमिका निभाई है, उन्होंने कहा, जब मैंने पटकथा पढ़ी तो मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात प्रभा की गहन आत्म-खोज और शांत परिवर्तन था। उन्होंने आगे कहा, पायल के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था।

वह एक ऐसा कार्यस्थल बनाती है, जहां हर कोई आगे बढ़ सकता है,

# मनोज बाजपेयी ने पूरी की द फैमिली मैन की शूटिंग




फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल अभिनेता मनोज बाजपेयी ने सुपरहिट सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेता ने एक तस्वीर शेयर कर फैंस को झलक दिखाई।

अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में शूटिंग से पर्दे के पीछे (बीटीएस) की एक तस्वीर शेयर की।

'द फैमिली मैन' में मनोज बाजपेयी के किरदार का नाम 'श्रीकांत तिवारी' रहता है, जो मध्यमवर्गीय व्यक्ति है और वह जो राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक ब्रांच थ्रेट एनालिसिस एंड सर्विलांस सेल (काल्पनिक) के लिए सीक्रेट रूप से अधिकारी के रूप में काम करता है। इस सीरीज की घोषणा जून 2018 में की गई थी। पहले सीजन की शूटिंग मुंबई, दिल्ली, केरल, जम्मू और कश्मीर के साथ ही लद्दाख में की गई थी और मई 2019 तक इसे पूरा कर लिया गया था। दूसरे सीजन की शूटिंग नवंबर 2019 में शुरू हुई थी और सितंबर 2020 में पूरी हो गई थी। इस सीरीज में मनोज बाजपेयी के साथ प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी भी हैं।

# 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने से कुछ कदम दूर मुफासा, वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग



बैरी जेनकिंस की निर्देशित डिज्नी की सबसे चर्चित प्रीक्वल और द लायन किंग (2019) की सीक्वल ने पिछले 8 दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर, हॉलीवुड फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने नौ दिनों के प्रदर्शन के दौरान 83.97 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को भारतीय दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। मुफासा को रिलीज हुए पूरे नौ दिन हो गए हैं। तो आइए जानते हैं कि फिल्म ने शनिवार को कितना कलेक्शन किया है। मुफासा ने अपने पहले हफ्ते में 74.25 करोड़ रुपये की कमाई की है, जबकि पहले दिन इसने 8.3 करोड़ रुपये की कमाई की थी। 8वें दिन यानी शुक्रवार को कमाई में 5.71 प्रतिशत की गिरावट आई और फिल्म ने 6.6 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि, वीकेंड पर फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी है और शानदार कमाई की है। बात करें नौवें दिन की तो शनिवार को फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन अब 90 करोड़ रुपये हो गया है। मुफासा के प्रदर्शन को देख यह कहना गलत नहीं होगा कि अगले हफ्ते तक फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई कर लेगी। दर्शकों का उत्साह देखते हुए यह लग रहा है कि फिल्म सिनेमाघरों को जल्दी अलविदा नहीं कहेगी। यह फिल्म 20 दिसंबर को भारत भर में चार भाषाओं, अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई थी। मुफासा भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड रिलीज फिल्म में से एक बनने के लिए तैयार है क्योंकि यह जल्द ही गॉडजिला वर्सेज कॉन्ग: द न्यू एम्पायर बॉक्स ऑफिस नंबरों को पार कर सकती है। गॉडजिला ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 109 करोड़ की कमाई की थी।

## खेल

दूसरा टी-20...

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रन से हराया



न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में श्रीलंका को 45 रन से हरा दिया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम ने 5 विकेट पर 186 रन बनाए। माउंट मॉन्गानुई में प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल हेय ने 19 बॉल पर नाबाद 41 रन बनाए। जवाब में सोमवार को श्रीलंकाई टीम 19.1 ओवर में 141 रन पर ही सिमट गई। टीम ने आखिरी 5 विकेट 6 रन पर गंवा दिए। कुसल परेरा ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जैकब डफी ने 15 रन देकर 4 विकेट लिए। टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

### चापमैन और रॉबिनसन के बीच 69 रन की साझेदारी

न्यूजीलैंड का पहला विकेट 13 रन पर गिरा। रचिन रवींद्र को हसरंगा ने 1 के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद चापमैन और रॉबिनसन ने दूसरे विकेट के लिए 41 बॉल में 69 रन जोड़े। मार्क चापमैन ने 29 बॉल पर 42 और टिम रॉबिनसन ने 34 बॉल पर 41 रन की खेली।

### मिचेल हेय ने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी खेली

चौथे विकेट के बाद बल्लेबाजी करने उतरे मिचेल हेय ने 215.78 के स्ट्राइक रेट से 19 बॉल पर 41 रन की पारी खेली। इनिंग में 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए। ग्लेन फिलिप्स ने 16 बॉल पर 23 और डेरिल मिचेल ने 15 बॉल पर 18 रन बनाए।



### जैकब डफी ने 4 विकेट लिए

187 के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने आखिरी 5 विकेट 6 रन बनाने में गंवा दिए। जैकब डफी न्यूजीलैंड के प्रमुख गेंदबाज थे, उन्होंने ओपनर बल्लेबाज पथुम निसांका को 37 रन और कुसल परेरा को 48 रन पर आउट किया। कप्तान चरिथ असलंका ने 16 बॉल पर 20 रन बनाए।

डफी ने 16वें ओवर में परेरा को आउट करने के लिए शानदार यॉर्कर का इस्तेमाल किया, जब श्रीलंका का स्कोर 127-4 था। इसके बाद उन्होंने 18वें ओवर में तीन गेंदों के बीच में वानिंदु हसरंगा (1) और महीश तीक्षणा को (0) के स्कोर पर आउट किया। डफी के अलावा मैट हेयनरी और मिचेल सेंटनर ने 2-2 विकेट लिए।



# क्या बॉक्सिंग-डे टेस्ट में हार के बावजूद डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच सकता है भारत?



**मेलबर्न** । भारतीय क्रिकेट टीम को मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग-डे टेस्ट में 184 रन से शिकस्त मिली।इस हार के साथ ही भारतीय टीम 4 टेस्ट के बाद फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई।इस शिकस्त के साथ ही भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की डगर बेहद कठिन हो गई है।इस बीच भारत के डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले में पहुंचने की सभी संभावनाओं पर एक नजर डालते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की मदद से 474 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया।इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने आखिरी सत्र में 21.3 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की डब्ल्यूटीसी 2023-25 में 10 वीं जीत है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम 61.46 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।इस हार के साथ भारतीय टीम 52.78 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है। मौजूदा चक्र में 18 में से 9 टेस्ट जीते हैं और 7 टेस्ट हारे (ड्रॉ-2) हैं।दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 66.67 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन चुकी है। भारत को डब्ल्यूटीसी 2023-25 में अपना आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से खेलना है। यदि भारत सिडनी में अपना आखिरी मैच जीतता है और सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो इस स्थिति में 55.26 प्रतिशत अंक के साथ अपना चक्र समाप्त करेंगे।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में भारतीय टीम को मिली हार



**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने चौथे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को 184 रन से हराते हुए सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल की।जीत के लिए मिले 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल की पारी (84) के बावजूद अपनी दूसरी पारी में 155 रन पर सिमट गई।अब सीरीज का आखिरी टेस्ट 3 जनवरी, 2025 से सिडनी में खेला जाएगा।आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में स्टीव स्मिथ के शतक (140) की मदद से 474 रन बनाए।जवाब में भारतीय टीम ने नितीश रेड्डी के शतक (114) की बदौलत 369 का स्कोर बनाया।इसके बाद बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी (5/57) के सामने अपनी दूसरी पारी में 234 रन बनाए।जवाब में भारत का स्कोर एक समय 121/3 था। इसके बाद भारत ने 21.3 ओवर में अपने आखिरी 7 विकेट गंवाए।

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के एलिस्टेयर कुक (33) और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के केन विलियमसन (33) को शतकों के मामले में पीछे छोड़ दिया है।इसके अलावा इस स्टार खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में श्रीलंका के पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने (34), वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा (34), भारतीय टीम के सुनील गावस्कर (34) और पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज यूनुस खान (34) की बराबरी कर ली है।

स्मिथ भारत के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट का रिकॉर्ड तोड़ा।रूट ने 55 पारियों में भारतीय टीम के खिलाफ 10 टेस्ट शतक लगाए हैं। स्मिथ के अब 43 पारियों में 11 शतक हो गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मिथ भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। रिकी पोटिंग ने भारत के खिलाफ 14 शतक लगाए जबकि स्मिथ के अब 16 शतक हो गए हैं।

## एक नजर

# यशस्वी जायसवाल शतक बनाने से चूके, इस मामले में सहवाग-गावस्कर को पीछे छोड़ा

बॉक्सिंग-डे टेस्ट



**मेलबर्न** । भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट में अपनी दूसरी पारी में भी शतक बनाने से चूक गए।मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में वह 208 गेंदों का सामना करते हुए 84 रन की जुझारू पारी खेलकर आउट हुए।इससे पहले मैच की पहली पारी में वह 82 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे।जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने हैं। जीत के लिए मिले 340 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 33 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे में जायसवाल ने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।वह मैच के तीसरे सत्र के दौरान पैट कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 8 चौकों की मदद से 84 रन बनाए।

जायसवाल के लिए यह साल शानदार बीता।

# बॉक्सिंग-डे टेस्टः यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर ने दिया आउट

मैदान में गूंजा चीटर का शोर



**मेलबर्न** । मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग-डे टेस्ट के 5वें दिन सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीसरे अंपायर द्वारा आउट करार दिए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया।रियल-टाइम स्निकोमीटर (आरटीएस या स्निको) में गेंद के बल्ले से लगने का संकेत न होने के बाद भी उन्हें आउट दिए जाने से प्रशंसक खफा हो गए।इसके बाद प्रशंसकों ने मैदान में करीब 10 मिनट तक चीटर-चीटर का नारा लगाया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, भारत की दूसरी पारी का 71वां ओवर फेंक रहे पैट कमिंस की 5वीं गेंद पर जायसवाल ने बल्ला चलाया तो गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई।इस पर कमिंस ने अपील की, लेकिन मैदान अंपायर ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस रिव्यु ले लिया।इस दौरान रियल-टाइम स्निकोमीटर में गेंद के बल्ले से लगने का कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आया। इसके बाद भी तीसरे अंपायर ने जायसवाल को आउट करार दे दिया। जायसवाल ने तीसरे अंपायर के निर्णय पर विरोध भी जताया, लेकिन आखिरकार उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।इसके बाद मैदान में मौजूद दर्शकों का गुस्सा बढ़ गया।

# साल के जाते जाते वन विभाग ने की ताबड़तोड़ कारवाई

## टीम बनाकर जिले के विभिन्न मार्गों में निकलकर लकड़ी से भरे 8 ट्रैक्टर पकड़े

भास्कर दूत

बालोद। साल के जाते-जाते वन विभाग बालोद ने अवैध लकड़ी परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। विभाग ने अलग अलग टीम बनाकर जिले के विभिन्न मार्गों पर रात 2 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक छापेमारी की।



### लकड़ी माफियाओं में दहशत

इस कार्रवाई में आठ गाड़ियां लड़कियों से भरी जब्त की गई। जब गाड़ियों पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सोमवार की रात साल 2024 के जाते-जाते वन विभाग ने जबरदस्त सक्रियता दिखाई। दिन में प्लानिंग कर रात में छापेमारी की योजना बनाई गई। डीएफओ बी एस सरोटे के निर्देश व एसडीओ सुश्री डिंपी बैस के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन कर सड़कों पर चल रही गाड़ियों पर नजर रखी गई। रात 2 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक कार्रवाई की गई। खास तौर पर ट्रैक्टरो पर विशेष जांच की गई। इस दौरान टीम ने डौंडीलोहारा रोड, सिकोसा क्षेत्र, गुरुर, डौंडी मार्ग पर विशेष रूप से चौकसी रखी गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आठ ट्रैक्टर पकड़े जिसमें लकड़ियां भरी हुई थी। वनमंडल अधिकारी बीएस सरोटे ने जानकारी दी कि जब्त लड़कियों की जांच की जा रही है। ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर मालिक से पूछताछ की जा रही है। लकड़ी जहां से लाई गई उस जगह की पहले जांच की जाएगी। यदि वन विभाग की जगह से पेड़ काटे गए मिलेंगे तो आगे कार्रवाई की जाएगी। यदि राजस्व विभाग से लकड़ी काटी पाई गई तो अवैध परिवहन का मामला बनाया जाएगा। सभी गाड़ियों पर विधि सम्मत जो कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

**अवैध परिवहन को लेकर लगातार की जा रही जांच**

*वन मंडल अधिकारी सरोटे ने जानकारी दी कि अवैध रूप से लकड़ी परिवहन की जानकारी मिलती है। विभाग द्वारा बीच-बीच में इस तरह सर्चिंग की जाती है। जब भी कोई इस तरह के अवैध लकड़ी परिवहन में लगी गाड़ियां मिलती है तो उस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाती है। जब तक गाड़ियों के ड्राइवरो व मालिकों के बयान के आधार पर आगे की जांच की कार्रवाई की जाएगी और वन अधिनियम के तहत फाइन सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी।करने आग्रह किया, जिसे सहर्ष स्वीकार कर सहमति प्रदान की।*

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए निर्वाचन नामावली में परिवर्धन संशोधन विलोपन की कार्यवाही पुन प्रारंभ

भास्कर दूत



**बलौदा बाजार** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंचायत का त्रिस्तरीय पंचायत में आम निर्वाचन 2024 द्व25 को निर्विवाद त्रुटि रहित एवं सरलीकरण करने के उद्देश्य से फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए समय सारणी में आंशिक फेर बदल किया गया है जनपद पंचायत बलौदा बाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी फकीर चरण पटेल द्वारा जानकारी दिया गया की त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 को विवाद रहित एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली तैयार करने की द्वितीय चरण की समय सारणी तैयार किया गया है जिसके परिपालन में जनपद पंचायत बलौदा बाजार के सभी 106 ग्राम पंचायत में एक साथ 31 दिसंबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया जिस पर दावा आपत्ति 6 जनवरी सोमवार को अंतिम रहेगा इसके बाद प्राप्त दवा पत्तियों का निराकरण 9 जनवरी 2025 को करते हुए परिवर्धन संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों का निराकरण 14 जनवरी तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन के लिए 15 जनवरी 2025 का समय शासन द्वारा निर्धारित किया गया है

# देश में निवासरत करोड़ों गोंडीयन गोंडी भाषा को यूनिवर्सल लैंग्वेज के रूप में उपयोग में लाए- नीलकंठ टेकाम

भास्कर दूत



**अभनपुर।** अखिल गोंडवाना गोंडी साहित्य परिषद द्वारा 21 वें गोंडी साहित्य सम्मेलन केलगिनकेरी, कटनार कोप्पा, भटकल उत्तर कन्नड़, कर्नाटक में श्री स्वामी रामानंदाचार्य के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ,अध्यक्षता साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत लाल कोर्राम द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के माननीय विधायक नीलकंठ टेकाम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, आर.एन. ध्रुव राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा, हिम्मत सिंह आर्मो राष्ट्रीय को, रघुवीर सिंह मार्को राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव, सुदे सिंह टेकाम मध्यप्रदेश, के एम मैत्री कर्नाटक, गंगाराम नेताम, सिडाम आरजू तेलंगाना, अश्वनी कांगे कोया भूमकाल क्रांति सेना के संस्थापक, गोंडी धर्माचार्य के पी प्रधान, रमा टेकाम मध्यप्रदेश के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री कुलस्ते जी ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों के समाधान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं को रखा जाएगा। श्री टेकाम जी ने कहा कि अंग्रेजी एक यूनिवर्सल लैंग्वेज है, इसे लगभग सभी जगह बोली जाती है, समझी जाती है ,पूरे विश्व के लोग समझ जाते हैं कि क्या बोला जा रहा है। लेकिन हमारे गोंडीयन जन कन्नड़ में कुछ भी बोलते रहें , हिंदी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया, मराठी,गुजराती आदि विभिन्न भाषाओं में बोलते रहिए ये केवल स्थानीय स्तर तक सीमित है। इसलिए देश में निवासरत करोड़ों गोंडीयन जनों को गोंडी भाषा को यूनिवर्सल लैंग्वेज के रूप में उपयोग में लाना होगा। तभी हम एकता के सूत्र में बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि गोंडी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु महासभा निकट भविष्य में बड़े कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कोर्राम जी ने कहा कि देश में प्राचीन नाम के अनुकूल कई जिलों के नाम को बदलने का काम चल रहा है । ऐसे ही मध्यप्रदेश का नाम जो पहले गोंडवाना के नाम से जाना जाता था का भी नाम बदलकर गोंडवाना राज्य के रूप में होना चाहिए। आर एन ध्रुव ने कहा कि पूरे देश में गोंड समाज निवास रहते हैं ।भले ही गोंडीयन जनों की स्थानीय स्तर पर भाषा ,खान-पान अलग हो, लेकिन देव व्यवस्था ,रीति रिवाज, परंपरा पूरे देश में लगभग एक समान है। इस अवसर पर गोंडवाना पत्रिका के साथ डॉ के एम मैत्री द्वारा लिखी गई गोंडी, हिंदी, कन्नड़, अंग्रेजी डिक्शनरी का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूरे देश भर के बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।



# 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सर्व पिछड़ा वर्ग ने किया चक्का जाम, सौंपा ज्ञापन

## सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस पार्टी ने दिया समर्थन

भास्कर दूत







**बीजापुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग ने त्रिस्तरीय पंचायती राज और नगरीय निकाय के चुनावों में 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को भैरमगढ़ के जनपद कार्यालय के समीप धरना और चक्का जाम किया।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के रामलाल यादव और सुनील सोनी ने बताया कि यह बंद छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से चक्का जाम महाबंद बुलाया गया था। जिसमे सभी पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्य मौजूद थे जिन्होंने पुरे जोश के साथ महाबंद को सफल किया। महाबंद को सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस का समर्थन मिला था। धरना प्रदर्शन और चक्का जान 11.00 बजे से 1.00 बजे तक चला जिसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीएम विकास सर्वे को ज्ञापन सौंपा गया।

सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बंद का समर्थन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने 3 दिसम्बर 2024 को अध्यादेश ला कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड.) (3) को विलोपित कर दिया है। अत: अनुसूचित क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग की 75 प्रतिशत के अंदर की सभी सीट अब सामान्य वर्ग के लिए मुक्त हो गई है।

प्रकाश ठाकुर ने बताया कहा कि यह सरकार ने क्यों किया और किसकी सलाह से किया यह समझ से परे है। कुछ विद्वान यह सलाह दे रहे है की पंचायत चुनाव में आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता है। यह असंवैधानिक है। लेकिन उनको यह समझना पड़ेगा की पंचायत राज व्यवस्था त्रि-स्तरीय है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत में जनसंख्या का अनुपात बदल जाता है। संविधान ने भी इसी बात को समझते हुए अनुच्छेद 243 (घ) (6) में राज्य सरकार को इसलिए यह शक्ति दी की वह पिछड़ा वर्ग के लिए भी प्रावधान कर सके। इसलिए राज्य सरकार को अब चाहिए की पंचायत चुनाव में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आरक्षण यदि 50 प्रतिशत के ऊपर भी जाता है तो भी अन्य पिछड़ा वर्ग को उसकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान करे।

बीजापुर विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने पिछड़े वर्ग की अनदेखी को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि संवैधानिक मंशा के अनुरूप पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में अनुसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान जनसंख्या के अनुपात में किया। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग को अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले आरक्षण के बाद कुल 75 प्रतिशत में से जितना प्रतिशत बच रहा है उस पर पूरा शत प्रतिशत आरक्षण दिया।

विष्णुदेव साय सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय में बहु संख्यक पिछड़ा वर्ग को अनदेखी की है। पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देना होगा। इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी, सर्व आदिवासी समाज के जग्गूराम तेलामी, सीताराम मांझी, लच्छू मोड़ियम सहित पिछड़ा वर्ग समाज के लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### "प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के द्वारा संग्राहकों को डंक रोधी किट वितरीत किया गया"



**कवर्धा।** दिनांक 30/12/2024 को अनिल कुमार साहू (भा.व.से.) प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के कवर्धा प्रवास के दौरान सहकारी वनोपज समिति पंडरिया के शहद संग्राहकों को डंक रोधी किट वितरण किया गया। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम अंतर्गत सहकारी लघु वनोपज समिति के संग्राहकों द्वारा मधुमक्खी के छत्ते को बिना नुकसान पहुचाये शहद निकाल कर डेमो दिखाया गया। विभाग के इस पहल से, संग्राहकों को डंक से सुरक्षा के साथ साथ विनाश विहीन विदोहन पद्धति से शहद संग्रहण मात्रा में वृद्धि होगी। बैगा जनजाति के शहद संग्राहकों को आर्थिक रूप से मदद मिलेगी, शहद संग्राहकों ने बताया कि उन्हें साल भर में शहद संग्रहण से पच्चीस से तीस हजार रूपए की अतिरिक्त लाभ हो जाता है। इस वर्ष 2024-25 में शहद प्रसंस्करण का लक्ष्य 300 क्विंटल रखा गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध वर्तमान में 76 संग्राहकों के माध्यम से 115.65 क्विंटल शहद संग्रहित कर 180.00 क्विंटल प्रसंस्करण किया जा चुका है जिसमें से 129.332 क्विंटल शहद कुल राशि 8438380.00 रू. विक्रय किया गया है। अनिल कुमार साहू (भा.व.से.) प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर एवं वनमंडलाधिकारी, कवर्धा शशि कुमार की उपस्थिति में अट्ठारह संग्राहकों को डंक रोधी पोशाक, सुगम सीढ़ी, टार्च, बाल्टी, रस्सा, पानी स्पेयर, चाकू, एवं अन्य सुरक्षा के सभी सामग्री प्रदाय किया गया। विभाग द्वारा अपने संग्राहकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त सामग्री प्रदाय किये गया है। यह कार्य विभाग द्वारा विनाश विहीन विदोहन पद्धति से किया गया है। डंक रोधी पोशाक पहन कर संग्राहकों द्वारा मधुमक्खी को बिना नुकसान पहुचाये शहद का संग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर अनिल साहू (भा.व.से.) प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ एवं वनमंडलाधिकारी, कवर्धा शशि कुमार, आशीष आर्य, उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा सुयशधर दीवान, उप वनमंडलाधिकारी, पंडरिया, मनीष सिंह परिक्षेत्र अधिकारी, तरेगांव, श्रीमती पल्लवी गंगबेर, परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया पश्चिम, क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, लघु वनोपज समिति के प्रबंधक, सदस्य एवं संग्राहकगण उपस्थित रहे।



### प्रधान आरक्षक यशवंत सिन्हा हुए ससम्मान पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त

#### पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्मृति चिन्ह,गिफ्ट, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित



**धमतरी।** दिनांक 31/12/2024 को धमतरी पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्री यशवंत सिन्हा की सेवा अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए। जिन्हें पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर शाल,गिफ्ट एवं श्रीफल से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिये। सेवा निवृत्त प्रआर.यशवंत सिन्हा ने अपने अनुभव को उपस्थित स्टॉफ के साथ साझा किया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने यह भी आश्वस्त किया की भविष्य में कभी भी मेरी सहयोग की आवश्यकता पड़े तो सीधे मेरे पास आ सकते हैं। सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक श्री यशवंत सिन्हा जगदलपुर जिले में वर्ष 1983 में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर जगदलपुर जिले के कई थाने में कार्यरत रहे। एवं रायपुर जिले में भी पदस्थ रहे बाद धमतरी जिला बनने के बाद स्थानांतरण पर धमतरी जिले में अपनी सेवाएं दिए हैं। सेवा के दौरान धमतरी जिले के विभिन्न थानों में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत होकर अलग-अलग थाने में कार्यरत थे। लगभग 41 वर्ष 04 माह 21 दिन तक पुलिस विभाग को अपनी सेवाएं दी। उक्त कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री भावेश साव, रक्षित निरीरीक्षक दीपक शर्मा,मुख्य लिपिक/एसआरसी. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव,उनि.रविन्द्र कुमार साहू, सउनि.रामसिंह साहू,अलख राम सिदार, प्रआर. डिगेश शर्मा आर.खोमेश्वर गौतम रूपेन्द्र साहू, ईश्वर साहू सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लक्ष्य अनुरूप विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों को लाभान्वित करें-कलेक्टर

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

भास्कर दूत



**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, कलेक्टर जनदर्शन इत्यादि में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले और हितग्राहियों को भी यह मालूम रहे कि उन्हें किस योजना से लाभान्वित किया गया है, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कमार बसाहटों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा लक्ष्य अनुरूप कमार हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों को प्रशिक्षण देने कहा। वहीं श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण और कृषि विभाग के तहत किसान क्रेडिट कार्ड, कृषक सम्मान इत्यादि कार्ड कमार हितग्राहियों को बनाकर वितरित करना सुनिश्चित करने कहा। इसके साथ ही खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला और राशनकार्ड बनाने तथा जनधन सुरक्षा बीमा योजना से छूटे हुए हितग्राहियों की सूची प्रदाय करने और कमार बसाहटों में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करने कहा। साथ ही कमार बसाहटों में सुकन्या समृद्धि योजना, महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वितों की जानकारी ली। इसके अलावा सिकलसेल, टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत किए गए वृक्षारोपण की जानकारी ली तथा अकिधक से अधिक पौधे कमार बसाहटों में लगाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने छात्रावासों के निरीक्षण के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावास निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें छात्रावास के विद्यार्थियों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, रिवीजन, होमवर्क, परीक्षा की तैयारियों की जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिन लोगों ने आवास पूर्ण नहीं करवाया है, उन पर कार्यवाही की जाए और आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। इसके अलावा तीनों ब्लॉक में आवास के सिम्बॉल बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा कलेक्शन, अनुपयोगी सामग्री की नीलामी, पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों की स्थिति, स्कूलों में चलाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, अमृत सरोवरों की स्थिति, स्वामित्व योजना, स्कूलों में गैस कनेक्शन प्रदाय करने इत्यादि की समीक्षा बैठक में की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# थाना खल्लारी द्वारा नक्सल ग्राम नयापारा खल्लारी में आयोजित किया गया क्रिकेट प्रतियोगिता

भास्कर दूत



**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत धमतरी पुलिस,थाना खल्लारी द्वारा नक्सल क्षेत्र के ग्राम खल्लारी नयापारा में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

जिसमें थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों के मुहकोट, खल्लारी,बुडरापारा, चंमेदा के कुल 04 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

जिसमें ग्राम मुहकोट की टीम विजेता रही एवं ग्राम खल्लारी नयापारा की टीम उप विजेता रही।

प्रथम विजेता टीम ग्राम मुहकोट को 2100/- रुपये नगद राशि से पुरूस्कृत किया गया

एवं द्वितीय विजेता टीम खल्लारी नयापारा के टीम को 1100/- रुपये ईनाम की राशि से पुरुस्कृत किया गया,एवं सभी टीमों को शिल्ड ट्राफी को वितरण किया गया।

जिसमें सभी टीमों को बेट स्टम, गेंद,सील्ड,मेडल से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

साथ ही आए हुए उपस्थित दर्शक बंधुओं एवं खिलाड़ियों को चाय नाश्ता,बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट,मिठाई वितरण किया गया।

साथ ही आये हुए ग्रामीण युवाओं को साइबर फ्रॉड के संबंध एवं नया कानून के संबंध में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।

सभी थाना प्रभारियों को अपने बेसिक पुलिसिंग के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग किये जाने के भी निर्देश दिये गए हैं जिसके परिपालन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया जा रहा है।

उक्त कार्यकम में थाना प्रभारी खल्लारी सउनि.अरविंद नेताम, प्रआर.विनोद नेताम,आर. टीकेश्वर मरकाम एवं सीएएफ बल से सीसी.धन सिंग चौहान, एपीसी. मंथन सिंग,संजय सिंग, प्रआर.कीर्तेशव नागवंशी आर. प्रेमप्रकाश कोर्राम, दयाराम कर्श,करम बरेठ एवं पैरोलीगल वालिंटियर से चंद्रप्रकाश निषाद,एवं प्रतिभागी सहित ग्रामीण एवं बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित थे।

भास्कर दूत
रायपुर, बुधवार, 01 जनवरी 2025

# नियमितीकरण सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे आदिम जाति कल्याण विभाग के दैनिक वेतन भोगी



**डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 6472 ने आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित वेतनमान देने सहित अन्य विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण किए जाने सहित छ सूत्रीय मांगों के साथ 30 दिसंबर को घड़ी चौक रायपुर में सुबह 10.30 से बिंदेश्वर राम रौतिया के नेतृत्व में संघ के शीर्ष पांच पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल शुरू किया। हड़ताल शुरू करने के पहले दिनांक 11 दिसंबर को हड़ताल पर जाने की सूचना मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाने को दे दी गई थी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार संघ के पदाधिकारी ने 30 दिसंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया जैसे ही अनशन शुरू हुआ रायपुर प्रशासन की ओर से तीन चरणों में संघ के पदाधिकारी से चर्चा की गई। प्रथम चरण में पुलिस प्रशासन के साथ चर्चा हुई पुलिस प्रशासन ने समझाइए देते हुए भूख हड़ताल पर नहीं जाने के लिए कहा लेकिन संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हम पूर्व नियोजित कार्यक्रम में हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिसकी सूचना आपको पूर्व में दे दी गई है पुलिस प्रशासन के द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट डिप्टी कलेक्टर को सूचना दी गई सिटी मजिस्ट्रेट डिप्टी कलेक्टर ने आकर दूसरे दौर की चर्चा की जिसमें चर्चा लगभग सकारात्मक रही। पुन प्रशासन ने तीसरे दौर की चर्चा के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में अतिरिक्त कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री देवेंद्र पटेल से आधे घंटे की चर्चा कराई चर्चा में सकारात्मक रूख निकाला और दोनों पक्षों में सहमति बनी कि संघ की 6 सूत्री मांगों को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को जिला कलेक्टर के माध्यम से भेजा जाएगा और जिस दिन फाइल भेजी जाएगी उसकी सूचना संघ को दी जाएगी संघ प्रतिनिधि मंडल एवं मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री के बीच सकारात्मक चर्चा कराई जाएगी जिसमें संघ प्रतिनिधिमंडल सहमत हुआ एवं भूख हड़ताल वापसी की घोषणा की प्रांत अध्यक्ष बिंदेश्वर राम रतिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शाम को पुनः अतिरिक्त कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी से श्री देवेंद्र पटेल से मुलाकात कर 6 सूत्री मांगों का चर्चा हेतु एजेंडा सौंपा है।

# नए सीएमओ अविनाश ने संभाला पदभार




**गंडई पंडरिया (भास्कर दूत)।** विगत 29 दिसंबर को कुम्हारी नगर पालिका में राजस्व उप निरक्षक के रूप में पदस्थ रहे अविनाश देवांगन ने गंडई नगर पंचायत में सीएमओ का पदभार ग्रहण किया। वे प्रमोशन के बाद सीएमओ बने है। जानकारी के मुताबिक हेमंत वर्मा ने चार महीने पहले ही सीएमओ का पदभार संभाला था। जिनका ट्रांसफर अब पाटन हो गया है। ट्रांसफर पश्चात उन्हें कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई।

# दबंगों ने परिवार को किया बहिष्कृत

**खैरागढ़ (भास्कर दूत)।** देश 21वीं सदी में चल रही है तो वही दूसरी और कुछ रूढ़ी परंपरा है आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है जिनमें से एक है सामाजिक बहिष्कार का मामला।

ताजा मामला खैरागढ़ जिले के शिकारीटोला का है जहां दबंगों ने एक परिवार को बहिष्कृत कर दिया। महीने पहले जाती गत समाज ने छोड़ा और अब गांव में भी बहिष्कार कर दिया है.

इस परिवार को पानी से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी में बेहद परेशानी का सामना करना पड रहा है. ठेलकाडीह थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम शिकारीटोला के ग्रामीण मिलनराम वर्मा को 7 माह पहले समाज ने छोड़ा और अब गांव में भी दबंगो ने बहिष्कार कर दिया है.

मिलन राम ने बताया की मेरे बड़े पुत्र मोतीलाल और गांव के हेमंत सेन दोनों मिलकर मई 2024 में शिकारीटोला निवासी हरदयाल सिन्हा का ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने जुर्म कबूल किया गया और जेल भी चला गया.

जिसे जमानत पर रिहा करवाया और पेशी न्यायालय में आज भी चल रही हैं वही दोनो पक्षों के बीच आपस में समझौता हुआ की ट्राली का कागजाद लाना फिर जो भी



खर्चा होगा ट्राली को छुड़ाने में उसको देने कि बात तय कि गई थी लेकिन अब ट्राली मालिक हरदयाल सिन्हा ट्राली से सम्बंधित कोई भी कागजाद थाने में पेश नहीं कर पा रहा है.

इसी बात को लेकर हरदयाल सिन्हा ग्रामीणों का सहारा लेकर ट्राली की कीमत 1,50,000/- रुपये देना करके मुझ पर जबरदस्ती दबाव बनाया जिससे मेरी आर्थिक स्थति खराब होने के कारण अर्थदण्ड देने से इंकार कर दिया जिसके कारण ग्रामीणों ने मेरे परिवार का हुक्का पानी बंद कराकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा हैं.

जिससे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसके लिए कोतवाल से गांव में हाका भी पड़वाया है. पीड़ित परिवार ने खैरागढ़ एसपी ऑफिस पहुंच कर अपने परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है.

# राजनांदगांव जिले में कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को मिल रहा बढ़ावा

## नाबार्ड द्वारा विकास की दिशा में किए जा रहे कई कार्य

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने राजनांदगांव में विभिन्न विकासात्मक पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहल का उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। कृषि क्षेत्र विकास के लिए नाबार्ड के कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे फसल उत्पादन में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मूंग, मक्का, कपास और सरसों जैसे नई फसलों का उत्पादन हो रहा है, जिससे किसानों की आय में सुधार हुआ है।

जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विभिन्न जल संग्रहण विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनसे 118650 हेक्टेयर क्षेत्र में जल एवं मृदा संरक्षण हो रहा है और शिवनाथ नदी के जल स्तर में सुधार हुआ है। नाबार्ड के जनजातीय विकास निधि (टीडीएफ) के तहत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर उसमें फलदार वृक्षों जैसे आम, कटहल, नींबू और अमरूद तथा सब्जियां की बाड़ी बनाई गई है, जिससे कई किसान परिवारों की आय में वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन और समर्थन किया है, जिससे नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है और महिलाओं को रोजगार मिला है। नाबार्ड ने राजनंदगांव जिले में 4 एफपीओ का गठन कर उनको सशक्त बनाने में प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिससे 2500 किसान को फायदा मिला है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार आरआईडीएफ अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं, जिससे कई ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित परियोजना के कार्यान्वयन का नेतृत्व कर रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य पीएसीएस को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) वातावरण में एकीकृत करना है, जिससे सेवा वितरण में वृद्धि होगी और किसानों को लाभ होगा। जिले के सभी 74 पैक्सों का पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा, सहकारिता मंत्रालय की सहकार-से-समृद्धि योजना के तहत, नाबार्ड जिले में बहुउद्देशीय पैक्स स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य इन जमीनी स्तर की सहकारी समितियों को उनकी सेवाओं में विविधता लाकर और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करके गतिशील आर्थिक संस्थाओं में बदलना है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के अधिकारी श्री मनोज कुमार नायक, जिला विकास प्रबंधक ने कहा कि उनके प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है और वे किसानों, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नाबार्ड द्वारा जिले में समृद्धि और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 15 जनवरी को

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 15 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से केपस्टॉन सर्विसेंस प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 350 पद एवं सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, देवांगन एजेंसी कवर्धा द्वारा टेलीकॉलर के 125 पद, कमल सॉल्वेंट एक्सपोर्ट प्रायवेट लिमिटेड ग्राम खुटेरी जिला राजनांदगांव द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थी हेतु सुपरवाईजर के 8 पद, इलेक्ट्रीशियन के 4 पद, ड्राईवर के 3 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 5 पद, प्लांट ऑपरेटर के 5 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ शामिल हो सकते हैं।

# वैष्णव समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन अयोध्या में

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** अखिल भारतीय वैष्णव चतु:संप्रदाय विकास परिषद एवं ट्रस्ट की बैठक 21 व 22 दिसंबर को मुंबई में संपन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से आठ कार्यकारिणी सदस्यों ने उपस्थिति दी।

संगठन के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव ने बताया कि बैठक में अगला महासम्मेलन 2025 में भगवान राम की पावन नगरी अयोध्या में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव विशेष अतिथि होंगे। हरिद्वार समाज भवन में कमरों में सुधार तथा वृंदावन धर्मशाला निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्णय भी मुंबई की बैठक में लिया गया। साथ ही बेंगलुरु में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक फरवरी में आयोजित करने का फैसला लिया गया।

## शुभांक राशिफल

बुधवार शुभ अंक - 38, 26, 48, 23
फक्कड़ बाबा - 93, 04
धाकड़ अंक - 32, 56
2 विक अचूक अंक- 33, 59
काला भूत अंक - 42, 66
त्रिनेत्र पैनल अंक - 164, 130, 249
स्टिक सिंगल जोड़ी- 4-0-2-1-6

**चेतावनी :** इस पत्र में प्रकाशित अंक शुभ राशियां, ज्योतिष ग्रह नक्षत्र के आधार पर है। इसका सट्टा आदि से कोई संबंध नहीं है। दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबददारी नहीं होगी।

## आदर्श कृषि उपज मंडी, राजनांदगांव
### दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी
### दिनांक 31.12.2024

| क | जिन्स | भाव | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | उच्चतम | औसत | कट्टा |
| 1 | सफरी देशी | – | – | – | – |
| 2 | खदूहन जूना | 2000 | 2150 | 2075 | 64 |
| 3 | सरना जूना | – | – | – | – |
| 4 | आई आर जूना | – | – | – | – |
| 5 | एचएमटी नया | – | – | – | – |
| 6 | 1001 | 2300 | 2311 | 2305 | 20 |
| 7 | जे आर जूना | 2300 | 2351 | 2325 | 75 |
| 8 | श्रीराम | – | – | – | – |
| 9 | सरना नया | 2345 | 2375 | 2362 | 235 |
| 10 | आर.पी.एम. नया | 2361 | 2361 | 2361 | 40 |
| 11 | आर.पी.एम. नया | – | – | – | – |
| 12 | महमाया नया | 2300 | 2400 | 2350 | 440 |
| 13 | नया आई आर 64 | 2342 | 2391 | 2368 | 81 |
| 14 | BPT नया | – | – | – | – |
| 15 | om3 नया | – | – | – | – |
| | कुल कट्टा धान | | | | 954 |
| 16 | सोयाबीन | 3700 | 3900 | 3800 | 92 |
| 17 | लाख | – | – | – | – |
| 18 | लाखड़ी | 4000 | 4162 | 4080 | 20 |
| 19 | चना देशी | 5700 | 6151 | 5925 | 4 |
| 20 | चना मौसमी | – | – | – | – |
| 21 | चना राधे | – | – | – | – |
| 22 | गेहूं | 2575 | 2660 | 2623 | 16 |
| 23 | उड़द | – | – | – | – |
| 24 | मूंग | – | – | – | – |
| 25 | मसूर | 4801 | 5201 | 5001 | 5 |
| 26 | राहर | – | – | – | – |
| 27 | तिल्ली | – | – | – | – |
| 28 | बटरा | – | – | – | – |
| 29 | धनिया | – | – | – | – |
| 30 | बटरी | – | – | – | – |
| 31 | सरसों | – | – | – | – |
| 32 | अलसी | 5450 | 5450 | 5450 | 2 |
| 33 | मक्का | – | – | – | – |
| 34 | अंबाडी | 3500 | 3500 | 3500 | 3 |
| 35 | कोदों | 2325 | 2371 | 2348 | 21 |
| 36 | कोदिला | – | – | – | – |
| | कुल कट्टा कठानी | | | | 196 |
| | आज के आवक का महायोग | | | | 1150 |

| धान खरीदी जानकारी 2024-25 | 31/12/2024 |
|---|---|
| **जिला – राजनांदगाँव** | |
| किसान संख्या – | 94170 |
| मात्रा (क्वि मे) – | 4638126.80 |
| राशि (लाखो मे)– | 106961.40 |
| लिंकिंग वसूली राशि (लाखो मे)– | 30789.30 |
| परिवहन (क्वि मे)- | 1473470.22 |
| **जिला – खैरागढ़ छुईखदान गण्डई** | |
| किसान संख्या – | 50561 |
| मात्रा (क्वि मे) – | 2645977.20 |
| राशि (लाखो मे)– | 60987.31 |
| लिंकिंग वसूली राशि (लाखो मे)– | 20977.79 |
| परिवहन (क्वि मे)- | 871207.62 |
| **जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी** | |
| किसान संख्या – | 26147 |
| मात्रा (क्वि मे) – | 1289568.00 |
| राशि (लाखो मे)– | 29832.31 |
| लिंकिंग वसूली राशि (लाखो मे)– | 7619.32 |
| परिवहन (क्वि मे)- | 229823.71 |
| **जिला – कवर्धा** | |
| किसान संख्या – | 82604 |
| मात्रा (क्वि मे) – | 3871176.00 |
| राशि (लाखो मे)– | 89339.97 |
| लिंकिंग वसूली राशि (लाखो मे)– | 29475.53 |
| परिवहन (क्वि मे)- | 1215571.27 |

# लक्ष्य छग ने कराया 130 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक ज्ञानवर्धन के लिए शैक्षणिक अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया। सात दिवसीय अध्ययन यात्रा 21 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 130 बच्चे और 15 सदस्य गाइड एवं प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए।

खैरागढ़ में यात्रा को पूर्व विधायक कोमल जंघेल तथा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती निर्मला विजय वर्मा सहित वरिष्ठ जनों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दल 22 दिसंबर को लोधी भवन जबलपुर पहुंची, जहां बच्चों ने अवंती बाई लोधी सागर बरगी, मनकेड़ी, पिसनहारी की मढिया, बैलेंसिंग रॉक, ग्वारीघाट नर्मदा आरती का दर्शन किये। 23 दिसंबर को बच्चों ने धुंआधार जलप्रपात, भेड़ाघाट नौकायन तथा चौसठ योगिनी का भ्रमण किया। नरसिंहपुर जिला में ढांडीगांव में श्री लोधी पटेल कृषि फार्म के गुड़ फैक्ट्री में गुड़ बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा बच्चों ने गुड़ और गन्ने का आनंद लिया। रात्रिकाल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

दल 24 दिसंबर को छिंदवाड़ा में भारतीय उद्योग महासंघ के प्रशिक्षण केंद्र पहुंची, जहां बच्चों को कैरियर, उद्योग एवं प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की गई, तत्पश्चात अशोक लीलैंड स्कूल फॉर मोटर ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर भ्रमण कराया गया, जहां पर बच्चों को वाहन चालन की बारीकियां तथा नियम अनुशासन की जानकारी प्रदान की गई। 25 दिसंबर को बच्चों ने चौरागढ़ धाम, जटाशंकर, गुफा पर्वतीय क्षेत्र का भ्रमण किया तथा ट्रैकिंग का आनंद लिए।

26 दिसंबर को बच्चों ने उज्जैन में जीवाजी वेधशाला में गणितीय एवं भौगोलिक गणना पद्धति के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरु शिष्य परंपरा के प्रतीक सांदीपनि आश्रम भ्रमण के लिए पहुंचे। संध्या काल में महाकाल भगवान का दर्शन किए। 27 दिसंबर की भोरकाल में उज्जैन से जबलपुर वापसी के लिए रवाना हुई । वापसी यात्रा जबलपुर से बस द्वारा खैरागढ़ के लिए प्रारंभ हुई तथा 28 दिसंबर को प्रातः 6.00 बजे लोधी भवन, खैरागढ़ पहुंची।

यात्रा की सफलता में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालों में जागीरदार ट्रैवल्स राजनांदगांव, संरक्षक किशोर वर्मा, न्यायाधीश राजेंद्र वर्मा, पूरन सिंह पटेल, कैटरिंग सर्विस के राजकुमार जंघेल, आईआरएस अमरपाल सिंह लोधी, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल, मैरिज लॉन के संचालक सुखलाल लोधी, प्रेम कुमार पटेल, जबलपुर जिला अध्यक्ष किशोरी लाल लोधी, सी.एल. पथरिया का विशेष योगदान रहा।

यात्रा संचालक दल के सदस्यों में चैन दास जंघेल, के के सिंगौर, डॉ. अशोक कुमार वर्मा, फतेलाल चंदेल, नंदकुमार वर्मा, डॉ. श्रीमती सावित्री जंघेल, श्रीमती बसंती जंघेल, कमलेश वर्मा, सुश्री कला वर्मा, श्रीमती त्रिवेणी सिंगौर, लोधी विजय टिशुंभे इत्यादि सम्मिलित रहे।

# बिना सतसंग विवेक न होई, राम कृपा बिन सुलभ न सोई- भरत

**बेलगांव (भास्कर दूत)।** लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत ग्राम मंडीयान मे एक दिवसीय रामायण महोत्सव का आयोजन मारुती नंदन संगठन द्वारा किया गया जिसमे उद्घाटन कार्यक्रम मे मुख्यतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा जी पहुँचे। आदरणीय वर्मा जी न जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा की बिना सतसंग विवेक न होई राम कृपा बिना सुलभ न सोई जब तक हम सतसंग नहीं करेंगे जब तक हम प्रभु की भक्ति मे नहीं लगेंगे तब तक हमें प्रभु श्रीराम जी कृपा नहीं मिलेगी। समस्त माता बहनों से निवेदन है की आप सभी रामायण



महोत्सव का आनंद ले और अपने जीवन मे श्रीरामचरित मानस की कथा को श्रवण कर अपने जीवन को त्रिथार्थ करने का प्रयास करे।

# डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि




**डोंगरगढ़ (भास्कर दूत)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंग जी का विगत 26 दिसंबर की रात्रि निधन हो गया था जिससे पूरा देश शोक संतप्त है। डोंगरगढ़ कांग्रेस परिवार के द्वारा आज स्थानीय विधायक निवास डोंगरगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थिति होकर समस्त ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# रोजगार सृजन और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**मोहला (भास्कर दूत)।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में मनरेगा कार्य योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पिछले तीन वर्षों में संचालित शासन की लाभकारी योजनाओं के पूर्ण कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 2024/1092100019
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आशीष परमार वल्द हरिलाल परमार, जाति-गुजराती उम्र 57 वर्ष, निवासी-पटेल वार्ड नं 17 डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त नाम से नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्र. 6 भूखंड क्रमांक 1926/2 क्षेत्रफल 1920 वर्गफीट भूमि मकान स्थित है आवेदक एवं अनावेकदगण की माता स्व. सविता बेन पति हरीलाल परमार का भी नाम उपरोक्त भूमि मकान के नजूल अभिलेखों में आवेदक एवं अनावेदकगणों के साथ नजूल अभिलेखो में दर्ज है। स्व. सविता बेन परमार का निधन दिनांक 29/01/2022 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गई है एवं आवेदक के पिता स्व. हरीलाल परमार का निधन 03/04/1979 को हो गया है। आवेदक की माता सविता बेन परमार का नाम नजूल अभिलेखों से विलोपित कर आवेदक एवं अनावेदकगणो का नाम यथावत रखा जाना न्यायोचित होगा। नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्र. 6 भूखंड क्रमांक 1926/2 क्षेत्रफल 1920 वर्गफीट भूमि मकान के नजूल अभिलेखो में आवेदक एवं अनावेदकगण की माता स्व. सविता बेन परमार का नाम विलोपित कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202412093800018
अ/20(1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार गिडवानी पिता स्व. जीवतमल निवासी लालबाग सिंधी कालोनी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग सिंधी कालोनी स्थित भूखण्ड कमांक 240 से 365 में से प्लाट नंबर 23 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन कर भू भाटक निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन एवं भू भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक 15/01/2025**

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202412093800030
अ/20(1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तीरथदास गिडवानी आ. धरमदास निवासी लालबाग सिंधी कालोनी राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला लालबाग सिंधी कालोनी स्थित भूखण्ड कमांक 240 से 365 में से प्लाट नंबर 24 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन कर भू भाटक निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूखण्ड का शीट आबंटन एवं भू भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक 15/01/2025**

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

# दिग्विजय कालेज में पत्रकारिता विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान



## पत्रकार समाज का शिक्षक है : डॉ राहुल तिवारी

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत के मार्गदर्शन में समाचार लेखन में नीति नियम व सिद्धांत और संपादकीय लेखन के मूल तत्व विषय पर एमिटी व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंजनेय विश्वविद्यालय रायपुर पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल तिवारी और अमेटी वि.वि. रायपुर पत्रकारिता विभाग सहा. प्राध्यापक डॉ. बिचित्रानंदा पंडा रहें ।

प्राचार्य ने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता को देखने का सबका अपना अलग-अलग नजरिया होता है और यह स्वाभाविक ही है । विभागाध्यक्ष ने द्य उदबोधन में कहा की लेखन का कार्य निरंतर करना चाहिए इससे शब्दों में पकड़ मजबूत होती है और मात्राओं की त्रुटि को सही किया जा सकता है।

मुख्य वक्ता डॉ. राहुल तिवारी ने विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि देश दुनियां में लाखो घटनाएं घट रही है, लोग न्यूज़ देख-पढ़ रहें हैं इसमें कितनी तात्कालिक विषय जुड़े है यहां इस तथ्य को समझना आज अति आवश्यक है। लेकिन जिस समाचार में जन रुचि जुड़ी हो तथा जिसे लोग जानने के लिए उत्सुक हो ऐसी सूचनाओं को समाज में परोसना ही मूल पत्रकारिता का सिद्धांत होना चाहिए। यह न केवल समाज की विश्वसनीयता को बढ़ाता है बल्कि यह समाज में भी एक सकारात्मक प्रभाव डालता है।

डॉ. बिचित्रानंदा पंडा ने विषय पर कहा कि संपादकीय लेखन कला का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दस्तावेज हैं, प्रत्येक समाचार पत्र या पत्रिका के कुछ ऐसे मूलभूत सिद्धांत होते हैं, जिनका पालन नीति निर्देशक तत्वों के रूप में प्रत्येक संपादक के संपादकीय लेखन में विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र होते है।

# छत्तीसगढ़ की 10 बड़ी घटनाएं, जिसने 2024 में लोगों की रूह कंपा दी





भास्कर दूत

**रायपुर।** वर्ष 2024 साल अब सिर्फ यादों में रह जाएगा. छत्तीसगढ़ में 2024 में कई बड़ी घटनाएं हुई, जिसे हर कोई याद रखेंगे. इन घटनाओं ने हर किसी का दिल दहला दिया था. चाहे वह बलौदाबाजार हिंसा हो, कवर्धा हादसा हो, दुर्ग जिले के कुम्हारी में बस पलटने की घटना हो या सूरजपुर डबल मर्डर कांड, कुछ ऐसी बड़ी घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया था. आइए साल 2024 की बड़ी घटनाओं के बारे में जानते हैं।

## कवर्धा हादसा..

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में 20 मई को तेज रफ्तार पिकअप पलटकर 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया था. इस हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी. वहीं 7 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुआ था. मरने वालों में 18 महिलाएं शामिल थी. इनमें मां-बेटी सहित 3 बच्चियां भी हैं. घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया था. हादसे के दौरान पिकअप में 25 लोग सवार थे. सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़कर गांव लौट रहे थे. हादसा इतना जबरदस्त था कि 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## बलौदाबाजार हिंसा : कलेक्ट्रेट-एसपी कार्यालय में तोड़फोड़ और आजगनी

बलौदाबाजार. छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई आगजनी और हिंसा की घटना को 6 महीने पूरे हो गए हैं. इस घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था. इस घटना में उपद्रवियों ने कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जला दिया था. हिंसा में उपद्रवियों ने 12.5 करोड़ की शासकीय एवं निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था.

गिरौदपुरी धाम स्थित महकोनी ग्राम के अमरगुफा में तोड़फोड़ की घटना से समाज के लोगों में आक्रोश था. इस घटना को लेकर 10 जून को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में एक सभा आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर से सतनामी सामाज के लोग शामिल हुए थे. ज्ञापन सौंपने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर जाने के दौरान कुछ उपद्रवी लोगों ने बलौदाबाजार के कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया था. इस आगजनी में दो दमकल की गाड़ियां सहित 200 से अधिक वाहन जलकर खाक हुए थे. वहीं 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

## लोहारीडीह हत्याकांड

कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में एक सप्ताह के भीतर 3 लोगों की अलग-अलग कारण से जान चली गई थी. 14 सितंबर की दरमियानी रात शिव प्रसाद साहू की लाश मध्यप्रदेश के बिरसा थाने के क्षेत्र में पेड़ से लटकती मिली थी. शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने हत्या के शक पर रघुनाथ साहू के घर को आग लगा दी, जिससे रघुनाथ साहू की जलने से मौत हो गई. वहीं इस मामले में पुलिस ने 33 महिला समेत 69 ग्रामीणों को हत्या के शक में गिरफ्तार किया है. इसी बीच 19 सितंबर को हत्या के आरोप में बंद प्रशांत साहू की जेल में मौत हो गई. मृतक प्रशांत की बॉडी में गहरे चोट के निशान पाए गए थे. ग्रामीणों का आरोप था कि प्रशांत साहू की मौत पुलिस पिटाई के चलते जेल में हुई है. इसके बाद सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए रेंगाखार थाने के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित वहां पदस्थ कुल 23 पुलिसकर्मियों को हटा दिया था. वहीं कबीरधाम एसपी, कलेक्टर को हटा दिया था. इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस विकास कुमार को निलंबित किया गया था।



## कुम्हारी हादसा : कर्मचारियों से भरी बस पलटी, 13 लोगों की मौत

भिलाई के कुम्हारी थाना क्षेत्र में केडिया डिस्टलरी कंपनी की कर्मचारियों से भरी बस पोल से टकराकर 50 फीट गहरी खाई में गिरने से 13 कर्मचारियों की मौत हुई थी, वहीं 15 घायल हुए थे. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था. यह घटना 10 अप्रैल की है.

कुम्हारी के केडिया डिस्टलरी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी 8 बजे छुट्टी होने के बाद बस में सवार होकर अपने घर जाने के लिए निकले. बस 200 मीटर आगे ही गई थी कि सड़क किनारे लगे पोल से टकराकर खाई में जा पलटी. बस में करीब 30 से 35 कर्मचारी सवार थे, जिनमें 13 लोगों की मौत हो गई. मृतकों में 3 महिलाएं भी थी. वहीं 15 कर्मचारी घायल हुए थे।

## बलौदाबाजार-अभनपुर : आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की गई थी जान

छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 9 लोगों की मौत हुई थी. बलौदाबाजार जिले में 7 लोगों की एक साथ जान गई थी. यह घटना 8 सितंबर की है. सभी शाम 5 बजे पेड़ के नीचे बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई. वहीं अभनपुर में भी भाई-बहन की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई थी. इस घटना ने हर किसी का दिल झकझोर दिया था.

7 लोगों की मौत का मामला मोहतरा गांव का है. गांव के कुछ लोग तालाब किनारे पेड़ के नीचे बैठकर बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान अचानक मौसम बदला और आकाशीय बिजली गिर गई. इसकी चपेट में 10 लोग आए, जिसमें से 7 की मौत हो गई. मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया.

## सूरजपुर डबल मर्डर : प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दोनों के शव को घर से करीब 5 किमी दूर पीढ़ा गांव में नहर के पास फेंक दिया गया था. इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था. इस मामले में आईजी ने विशेष जांच टीम का गठन किया था. आरोपी कुलदीप साहू समेत 5 आरोपियों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सीके चौधरी भी शामिल था. पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

## सीतापुर हत्याकांड

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सीतापुर में आदिवासी युवक संदीप लकड़ा की दृश्यम फिल्म की स्टाइल में हत्या की गई थी. घटना के बाद से मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय फरार था, जिसे सरेंडर करने कोर्ट पहुंचने पर सरगुजा पुलिस ने गिरफ्तार किया था.

बता दें कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलजोरा में रहने वाले मृतक आदिवासी युवक संदीप लकड़ा तीन महीना से लापता था. परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज की थी. वहीं आदिवासी समाज के विरोध प्रदर्शन के बाद मामला दर्ज किया गया था. विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि संदीप लकड़ा के शव को मैनपाट के ग्राम लुरैना में पानी टंकी के नीचे दफनाया गया है. पुलिस ने पानी टंकी को ढहाकर 15 फीट नीचे से शव को बरामद किया था.



## अमित जोश का एनकाउंटर

छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने भिलाई नगर थाना क्षेत्र में जयंती स्टेडियम के सामने हिस्ट्रीशीटर बदमाश अमित जोश को एनकाउंटर में मार गिराया था. निगरानीशुदा बदमाश अमित जोश लंबे समय से फरार चल रहा था. उसने 25-26 जून 2024 की रात फायरिंग कर दो लोगों पर जानलेवा हमला किया था. अमित जोश के दहशत से दुर्ग पुलिस परेशान थी.

## बलरामपुर थाने में सुसाइड : भीड़ ने कोतवाली में की तोड़फोड़, पथराव

*जिला मुख्यालय में 24 अक्टूबर को पुलिस कस्टडी में गुरु चंद मंडल की मौत से पूरे जिले में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी. बलरामपुर कोतवाली में समाज के लोगों ने काफी तोड़फोड़ की थी, जिसमें थाने में लगी रेलिंग, खिड़की टूट गई थी. दरवाजे पर पत्थरबाजी भी की गई थी. पुलिस ने काफी मशक्कत कर मामला शांत कराया था. इस घटना को लेकर प्रदेश की राजनीति भी काफी गर्म हो गई थी. पुलिस पर कई तरह के सवाल खड़ा हो रहे थे. इन सभी के बीच झारखंड राज्य के गढ़वा थाना अंतर्गत मृतक गुरु चंद मंडल की पत्नी रीना मंडल गिरी का शव कोयल नदी के किनारे 30 अक्टूबर 2024 को मिलने के बाद घटना में एक नया मोड़ आया. झारखंड पुलिस ने रीना मंडल के शव का शिनाख्त रीना गिरी के भाई बदला गिरी से कराया और उसकी पहचान भी रीना गिरी के रूप में ही की गई. मामला दर्ज कर गढ़वा पुलिस ने पूरे घटनाक्रम में बारीकी से जांच की, जिसके बाद आज झारखंड की गढ़वा पुलिस बलरामपुर पहुंची और रीना गिरी हत्याकांड में ससुर शांति मंडल, रिश्तेदार रमेश मंडल, ललिता मंडल एवं सहयोगी बीरा लकड़ा चारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा.*





श्मशान घाट पर कर रहे थे तांत्रिक क्रिया

# पूर्व सरपंच समेत 4 लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा, जमकर की धुनाई




भास्कर दूत

**बिलासपुर।** जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र के पुरेना गांव में ग्रामीणों ने तांत्रिक क्रिया करते पूर्व सरपंच सहित चार लोगों को पकड़ा. इस दौरान तांत्रिक समेत पूर्व सरंपच की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की. फिर सभी को पुलिस के हवाले किया. जानकारी के मुताबिक, बीती रात पूर्व सरपंच गांव के श्मशान घाट पर मछली, अंडा, बकरे का भेजा और देसी शराब रखकर तांत्रिक क्रिया करा रहे थे. इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामानों को जब्त कर चार लोगों को तांत्रिक क्रिया करते पकड़ा. इस दौरान मौके से महिला सहित दो लोग फरार होने में कामयाब हो गए. ग्रामीणों ने तांत्रिक सहित पूर्व सरपंच की जमकर धुनाई की. इसके बाद चारों को पुलिस के हवाले किया. इस मामले में थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि बीती रात ग्रामीणों से सूचना मिली कि कुछ लोग श्मशान घाट पर तांत्रिक क्रिया कर रहे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोलिंग टीम को भेजकर चार लोगों को थाने लाया गया है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बालोद में स्कूली बच्चों भरी गाड़ी पलटी, एक की मौत, 4गंभीर



भास्कर दूत

**बालोद।** स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी के पलटने से एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई, वहीं चार बच्चे घायल हो गए. घायल बच्चों में से एक ही हालत नाजुक बताई जा रही है. नया साल शुरू होने से महज एक दिन पहले घटित यह घटना साहू परिवार को ताउम्र दुख देती रहेगी. जानकारी के अनुसार, ग्राम निपानी स्थित आत्मानन्द स्कूल में अध्ययनरत 12 बच्चे वाहन टाटा मैजिक में सवार होकर स्कूल जा रहे थे. बालोद थाना क्षेत्र के सोनपुर के पास चालक की लापरवाही के कारण गाड़ी पलट गई, जिससे वाहन में सवार 12 वर्षीय कुणाल साहू की मौत हो गई, वहीं 4 बच्चे घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए गुरुर अस्पताल लाया गया.

घायल बच्चों में से एक की हालत को नाजुक देखते हुए बड़े अस्पताल रेफर किया गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है.

दंतेवाड़ा में साल 2024 में 339 नक्सलियों पर बड़ी कामयाबी

# मारे गए 2 करोड़ से ज्यादा के इनामी माओवादी

भास्कर दूत




**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा पुलिस के लिए साल 2024 नक्सली मोर्चे पर काफी सफलता पूर्ण रहा है. अलग अलग अभियानों में पुलिस ने माओवादियों को मार गिराया है. जिनके कब्जे से हथियार भी बरामद किया है. यह आंकड़ा जिले के लिए काफी ऐतिहासिक रहा है. 2024 में मिले इस आंकड़ें को दंतेवाड़ा जिले के निवासी हमेशा याद रखेंगे. 2024 की सफलताओं को दंतेवाड़ा जिले के एसपी गौरव राय ने जारी किया है.

सरेंडर नक्सलियों का आंकड़ा- छत्तीसगढ़ सरकार की नीति लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान के तहत साल 2024 में नक्सल विचारधारा को छोड़कर शासन की मुख्यधारा में जुड़कर 41 इनामी माओवादियों सहित कुल 234 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. सरेंडर नक्सलियों में से 4 पर 8 लाख रुपये का इनाम, 4 पर 5 लाख रुपये का इनाम, 1 पर 3 लाख का इनाम, 6 पर 2 लाख रुपये का इनाम और 26 पर 1 लाख रुपये के इनामी माओवादी शामिल है.

गिरफ्तार माओवादियों का आंकड़ा- साल 2024 में कुल 56 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है. जिसमें 1 पर 5 लाख इनामी व 5 पर 1 लाख का इनाम घोषित है. अन्य 50 पर कोई इनाम घोषित नहीं था.

मारे गये माओवादियों का आंकड़ा- जिले के डीआरजी बस्तर फाईटर्स व सीआरपीएफ ने कुल 49 माओवादियों को मार गिराया गया. जिसमें से 44 इनामी नक्सलियों पर 2 करोड़ 72 लाख रुपये घोषित था. जिसमें 2 माओवादियों के ऊपर 25 लाख इनाम, 1 पर 10 लाख इनाम, 14 पर 8 लाख इनाम, 20 पर 5 लाख इनाम, 5 पर 2 लाख इनाम व 2 पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित था. इसके अतिरिक्त नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, कोण्डागांव, कांकेर व सीआरपीएफ और एसटीएफ के साथ संयुक्त नक्सल गस्त सर्च अभियान में 62 नक्सलियों को भी मार गिराने में सफलता सुरक्षाबलों को मिली है.

मारे गए नक्सलियों से बरामद आर्म्स/एम्युनेशन- मारे गये माओवादी से 3 एके-47, 01 इंसास एलएमजी, 03 इंसास रायफल, 05 एसएलआर रायफल, 02 303 रायफल, 08 315 बोर रायफल, 03 बीजीएल लांचर, 08 भरमार बन्दूक, 06 12 बोर, 02 देशी कट्टा सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ व कारतूस बरामद किया गया है।

# ट्रक चालक ने सड़क किनारे बैठे यात्रियों को रौंदा

*अमरकंटक की यात्रा कर लौट रहा था साहू परिवार, दो बच्चों की मौत, 13 लोग घायल*

भास्कर दूत




**धरसीवां।** राजधानी रायपुर से लगे धरसीवां इलाके में दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई. रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर देर रात ट्रक चालक ने जानबूझकर सड़क किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दो बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं 13 लोग घायल हो गए.

जानकारी के मुताबिक, घटना सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर सिलतरा ओवरब्रिज के ऊपर हुई. धमतरी का साहू परिवार अमरकंटक की यात्रा कर कार से वापस धमतरी की ओर आ रहा था. अचानक गाड़ी में कुछ खराबी आने से साहू परिवार सिक्स लाइन किनारे गाड़ी खड़ी कर सुधार रहा था. सभी यात्री सड़क किनारे बैठे हुए थे, तभी श्री सीमेंट से सीमेंट लेकर आ रहे ट्रक क्रमांक cg08 ab 8811 के चालक महेंद्र कुमार ने सड़क किनारे की पट्टी पर गाड़ी दौड़ाते हुए सड़क किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों को रौंद दिया.

घटना की सूचना मिलते ही सिलतरा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया. वहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाया. इस घटना में मोनिका साहू पिता धर्मेंद्र साहू उम्र 14 वर्ष एवं आराध्य साहू उम्र 12 वर्ष निवासी धमतरी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं प्रार्थना साहू, निशा साहू, निर्मला साहू, धर्मेंद्र साहू, ललित साहू, माही साहू, ओम प्रकाश, गीतांजलि, दीक्षा, रितेश, प्रेरणा एवं चालक नरोत्तम कुल 13 तीर्थ यात्री घायल हो गए. घायलों में कुछ की हालत गंभीर है. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के मेकहारा और निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है.

# आईएएस अफसरों को मिला नए साल में पदोन्नति का तोहफा

भास्कर दूत

**रायपुर।** राज्य शासन ने नए साल से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। 2012 बैच के द्गस अधिकारीयों को प्रमोट किया है। अब उन्हें संयुक्त सचिव से विशेष सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें नवीन पदस्थापना दी गई है।




## इन्हें मिली पदोन्नति

रजत बसल -भा.प्र.से. (2012)
रितेश कुमार अग्रवाल - भा.प्र.से. (2012)
अभिजीत सिंह - भा.प्र.से. (2012)
रणबीर शर्मा - भा.प्र.से. (2012)
पुष्पेन्द्र कुमार - मीणा, भा.प्र.से. (2012)
तारन प्रकाश सिन्हा -भा.प्र.से. (2012)
इफ्फत आरा -भा.प्र.से. (2012)
दिव्या उमेश मिश्रा -भा.प्र.से. (2012)
पुष्पा साहू - भा.प्र.से. (2012)
संजय अग्रवाल - भा.प्र.से. (2012)

इसके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएएस शिव अनंत तायल को प्रोफॉर्मा पदोन्नति दी गई है

2016 बैच के इन अधिकारियों को मिली पदोन्नति

रवि मित्तल -भा.प्र.से. (2016)
राहुल देव -भा.प्र.से. (2016)
विनय कुमार लंगेह -भा.प्र.से. (2016)
जयश्री जैन -भा.प्र.से. (2016)
चंदन संजय त्रिपाठी -भा.प्र.से. (2016)
प्रियंका महोबिया - भा.प्र.से. (2016)
डॉ. फरिहा आलम -भा.प्र.से. (2016)
रोक्तिमा यादव -भा.प्र.से. (2016)
दीपक कुमार अग्रवाल -भा.प्र.से. (2016)
तुलिका प्रजापति - भा.प्र.से. (2016)
अरविन्द कुमार एक्का -भा.प्र.से. (2016)
लीना कमलेश मंडावी -भा.प्र.से. (2016)
संतन देवी जांगड़े - भा.प्र.से. (2016)
संजय कन्नौजे -भा.प्र.से. (2016)
सुखनाथ अहिरवार - भा.प्र.से. (2016)
भगवान सिंह उड़के -भा.प्र.से. (2016)
पदमिनी भोई - भा.प्र.से. (2016)
गोपाल वर्मा -भा.प्र.से. (2016)

2021 बैच के इन अधिकारियों को मिली पदोन्नति

जयंत नाहटा - भा.प्र. से. (2021)
वासु जैन -भा.प्र.से. (2021)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग, मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com